( पौष माह ) वर्ष-10, अंक 211, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुयये
प्रयागराज शुक्रवार 01 नवम्बर, 2024
TM
नगर संस्करण
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित
Adhunik Samachar




## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर से दक्षिण तक दिवाली पर रोशन हुआ पूरा देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** चारों ओर दिवाली की धूम है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक पूरा देश दिवाली की रोशनी से सराबोर है। घर-घर में खुशियों के दीप जल रहे हैं। वहीं पटाखों की धूम भी है। देशभर में लोग एक-दूसरे को त्योहार की बधाई देकर खुशियां बांट रहे हैं। देशभर में आज दिवाली की धूम है और लोग पूरे हर्षोल्लास से दीपोत्सव मना रहे हैं। मंदिरों में लोग भगवान का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। बाजारों में खरीददारों की भारी भीड़ है। उत्तर से दक्षिण तक पूरा देश दिवाली से रोशन है। शाम को खुशियों के दीप रोशन हुए हैं। केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने भी चेन्नई में दिवाली का उत्सव मनाया। इस दौरान उन्होंने पटाखे भी फोड़े। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'आज पूरा देश दिवाली मना रहा है। यह दिवाली हर किसी के लिए खास है क्योंकि सभी की उम्मीदें और सभी के सपने इस सरकार द्वारा पूरे किए जा रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के निर्माण का अभियान शुरू किया था। जब राम मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है और मंदिर देश को समर्पित कर दिया गया है तो उसके बाद यह पहली दिवाली है। यही वजह है कि मैंने कहा कि इस बार की दिवाली सभी के लिए खास है।'हैदराबाद के चारमिनार के नजदीक स्थित श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर को अयोध्या के राम मंदिर की थीम पर सजाया गया है, जिसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं और मां भाग्यलक्ष्मी का आशीर्वाद ले रहे हैं। लोगों ने मंदिर के राम मंदिर के डिजाइन के साथ तस्वीरें भी खिचवाईं। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के हावड़ा में दक्षिणेश्वर में स्थित आद्यपीठ काली मंदिर में दिवाली उत्सव मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मां काली का आशीर्वाद लिया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 'पूरा देश आज दिवाली मना रहा हैं और इस साल की दिवाली खास है। बेटियों, युवाओं और किसानों को इस साल कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है।' एनसीपी शरद की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि बचपन से ही हम हमेशा दिवाली मनाने के लिए बारामती आते रहे हैं। पूरा पवार परिवार दिवाली पर एक साथ होता है।


## पुणे में पार्किंग विवाद, पूर्व सैनिक की गोली से एक घायल; शिवाजी पार्क में बंगाली समाज की काली पूजा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मुंबई ।** मुंबई के पुणे में पार्किंग विवाद को लेकर गुरुवार को पूर्व भारतीय सैनिक ने एक व्यक्ति पर गोली चली दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका इलाज चल रहा है। इसके साथ ही पुणे के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) हिम्मत जाधव ने बताया कि आरोपी ने पुणे शहर के यरवदा इलाके में पार्किंग विवाद को लेकर पीड़ित को डबल बैरल बंदूक से गोली मार दी पुलिस ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और पीड़ित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। मुंबई के बंगाली समुदाय ने काली पूजा के शुभ अवसर पर शिवाजी पार्क में बंगाली क्लब के कालीमाता मंदिर में अनुष्ठान करने के लिए एकत्र हुए। इसी सिलसिले में बंगाली क्लब के महासचिव मृणाल पुरकष्टो ने कहा कि 30 वर्षों से यहां अनुष्ठान किए जा रहे हैं। बंगाली और गैर-बंगाली सभी लोग मंदिर में आते हैं। पूजा रात 9.30 बजे शुरू होगी और दोपहर 12.30 बजे तक चलेगी। फिर भोग वितरण होगा।



## लेखिका शानू और इसरो प्रमुख सोमनाथ को मिलेगा नागरिक सम्मान, केरल सरकार ने की घोषणा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**केरल।** केरल में पद्म पुरस्कार की तरह 2021 से तीन पुरस्कार दिए जाते हैं। इसमें केरल ज्योति, केरल प्रभा, और केरल श्री पुरस्कार



शामिल हैं। यह पुरस्कार हर साल एक नवंबर को राज्य के स्थापना दिवस केरलप्पिरावी पर प्रदान किए जाते हैं। केरल सरकार ने केरल नागरिक पुरस्कार 2024 की घोषणा की। इस बार यह सम्मान प्रख्यात लेखक एमके शानू, इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ और क्रिकेटर संजू सैमसन को भी दिया जाएगा। पुरस्कार के लिए आठ हस्तियों का चयन किया गया है। केरल में पद्म पुरस्कार की तरह 2021 से तीन पुरस्कार दिए जाते हैं। इसमें केरल ज्योति, केरल प्रभा, और केरल श्री पुरस्कार शामिल हैं। यह पुरस्कार हर साल एक नवंबर को राज्य के स्थापना दिवस केरलप्पिरावी पर प्रदान किए जाते हैं।इस बार लेखक एमके शानू को साहित्य में उनके योगदान के लिए केरल ज्योति पुरस्कार दिया जाएगा। जबकि सोमनाथ और भुवनेश्वरी को क्रमशः विज्ञान-इंजीनियरिंग और कृषि के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए केरल प्रभा से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पांच व्यक्तियों को केरल श्री दिया जाएगा। इसमें कलामंडलम विमला मेनन (कला), डॉ. टीके जयकुमार (स्वास्थ्य), नारायण भट्टाथिरी (सुलेख), संजू सैमसन (खेल), वी के मैथ्यूज (उद्योग-वाणिज्य) और शैजा बेबी (सामाजिक सेवा, आशा कार्यकर्ता) के नाम शामिल हैं। केरल ज्योति सर्वोच्च राज्य पुरस्कार है, जो प्रतिवर्ष एक व्यक्ति को दिया जाता है। दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार केरल प्रभा दो व्यक्तियों को दिया जाता है। जबकि तीसरा सबसे बड़ा पुरस्कार केरल श्री पांच व्यक्तियों को दिया जाता है। ये सभी विभिन्न क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। चयन प्रक्रिया में मूल्यांकन तीन स्तर पर होता है। इसमें प्राथमिक जांच समिति (सचिव स्तर), माध्यमिक जांच समिति और पुरस्कार समिति होती है। पुरस्कार समिति में अनुभवी फिल्म निर्माता अदूर गोपालकृष्णन समेत कई सदस्य शामिल हैं।

## गृह मंत्री शाह से नहीं मिल सकीं पीड़िता की मां, आस बरकरार; 'डॉक्टरों के संगठन' पर खड़े किए सवाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बीते अगस्त में आरजी कर कॉलेज में 31 वर्षिय महिला डॉक्टर के साथ हुई बर्बरता मामले में इंसाफ की लड़ाई जारी है। इसी सिलसिले में पीड़िता के माता-पिता गृह मंत्री अमित शाह से मिलने पहुंचे, हंलाकि उनकी मुलाकात नहीं हो पई। लेकिन पीड़िता की मां ने इससे निराश ना होकर भविष्य में मुलाकात की उम्मीद जताई है। इसके साथ ही उन्होंने डॉक्टरों के एसोसिएशन पर सवाल खड़े किए है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार और हत्या की शिकार हुई डॉक्टर के माता-पिता की प्रतिक्रिया सामने आई है। जहां उन्होंने बताया कि वे 27 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात न कर पाने से परेशान नहीं हैं। इसके साथ ही पीड़िता के माता पिता ने भविष्य में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के अवसर मिलने की उम्मीद जताई है। बता दें कि दंपत्ति ने 22 अक्टूबर को शाह को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा था। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात ना होने वाले सवाल को लेकर मृतक डॉक्टर की मां ने कहा कि हम समझते हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री होने के नाते उनके पास बहुत बड़ी जिम्मेदारियां हैं। दिन भर के दौरे के दौरान हमारे लिए कुछ समय निकालने में वे बहुत व्यस्त होंगे। बता दें कि अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव और 9 अगस्त




को सरकारी आरजी कर अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के बाद शाह ने 27 अक्टूबर को बंगाल का अपना पहला दौरा किया था, जिसके बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन हुए थे।दंपत्ति ने नवगठित जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन की आलोचना की। जो कि पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम का समानांतर मंच माना जाता है। जो मृतक डॉक्टर के लिए न्याय की मांग के अलावा सरकारी अस्पतालों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर विभिन्न तरीकों से आंदोलन कर रहा था। बता दें कि जूनियर डॉक्टर की मां ने एक बंगाली न्यूज चैनल से बातचीत के दौरान कहा कि शायद हम भविष्य में किसी दिन उससे मिल पाएं। मां ने पूछा एसोसिएशन का उद्देश्य इसके साथ ही पीड़िता की मां ने कहा इस नए एसोसिएशन का क्या उद्देश्य है? क्या उन्होंने हमारी बेटी की मौत के बाद कभी विरोध किया? इनमें से कई एसोसिएशन के सदस्य धमकी संस्कृति ब्रिगेड का हिस्सा माने जाते हैं। वहीं आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टर आरोप लगा रहे हैं कि सरकारी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में धमकी संस्कृति मौजूद है, जिसमें डॉक्टरों, शिक्षकों और अधिकारियों का एक वर्ग शामिल है। बता दें कि ने मां ने यह भी याद किया कि कैसे उनकी बेटी हर साल काली पूजा के दिन उनके घर को दीयों से सजाती थी। उन्होंने बताया कि कैसे पटाखे जलाने के बाद हम (माता-पिता और बेटी) पंडाल घूमने जाते थे और बाहर खाना खाते थे। इस साल हमारा घर अंधेरे में डूबा हुआ है। उन्होंने कहा, हम इस अपराध में शामिल सभी लोगों को सजा दिलाने के लिए देवी काली से प्रार्थना करते हैं।

### टीएमसी नेता का आंदोलनकारी डॉक्टरों पर हमला, कहा- आपके फंड का स्त्रोत क्या

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त को चिकित्सक का शव मिला था। डॉक्टर की हत्या के बाद पूरे देश में डॉक्टरों ने हड़ताल की थी। इसके बाद लगातार पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन हो रहे हैं। आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों पर टीएमसी के मंत्री ने हमला बोला है। पश्चिम बंगाल के कृषि मंत्री सोवनदेब चट्टोपाध्याय ने कहा कि दो महीने से ज्यादा समय से डॉक्टरों का आंदोलन जारी है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ जवानों ने दिवाली मनाई; महिला सैनिक बोलीं, यही हमारा परिवार.

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दीपावली के मौके पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर भी जश्न मनाया गया। सरहदों की सुरक्षा लेकिन शाम ढलने के बाद बीएसएफ के जवानों के साथ अमर उजाला ने दिवाली मनाई। इस अवसर पर सीमा की फ्रंट लाइन पर तैनात ने कहा, हम बीएसएफ की जवान हैं। हमारा पहला फर्ज है, सीमा की सुरक्षा। त्योहार के मौके पर तो घर की याद आना स्वाभाविक



में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के साथ महिला सैनिकों ने भी दिवाली का जश्न मनाया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ यूनिट ही हमारा परिवार है। हमारा पहला फर्ज देश की सीमाओं की सुरक्षा करना है। आज दीपावली है...शाम होते ही पूरे देश में दीपावली की पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर (तीन बीघा कॉरिडोर क्षेत्र) में भी शाम ढलने को है, पंछी घोंसलों की ओर लौटने लगे हैं। चिड़ियों की चहचहाट दूर पेड़ों पर सुनाई दे रही है। लेकिन फ्रंट लाइन पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान पूरी मुस्तैदी से सीम पर गश्त कर रहे हैं। इन्हें देखकर कहीं नहीं लगता कि आज दीपावली का त्योहार है। बीएसएफ के जवानों ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, भले ही वे अपने परिवार से दूर हैं, लेकिन उनके मन में तनिक भी अफसोस नहीं है, क्योंकि बीएसएफ ही उनका परिवार है और इतने बड़े परिवार के साथ दिवाली मानना गर्व की बात है। फ्रंट लाइन पर तैनात बीएसएफ की एक महिला जवान ने कहा, आज बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने सबसे पहले देशवासियों को दीपावली की शुभकामवाएं दीं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, घर की याद आती है लेकिन हमारी प्राथमिकता है, हमारी ड्यूटी। एक घर है, जिसमें हमारे बच्चे और परिवार के सदस्य आते हैं। लेकिन दूसरा परिवार उससे बहुत बड़ा है, जिसमें पूरा देश आता है। दूसरी महिला जवान है, लेकिन जिस दिन से हमने बीएसएफ को चुना है, यही हमारा परिवार है। आज त्योहार के दिन हम घर से दूर है, इसका तनिक भी अफसोस नहीं है। इस बीएसएफ रूपी बड़े परिवार के साथ जुड़े हैं। यही हमारा परिवार, हमारा पहला फर्ज है, सीमाओं की सुरक्षा करना।एक जवान कहते हैं, दिवाली में घर जाने का मन करता है। लेकिन हम जीरो लाइन में है। हमारे कंधों पर जो जिम्मेदारी है, वह सबसे महत्वपूर्ण है। और वह जिम्मेदारी है, सीमाओं की रक्षा करना। इसलिए हमें कभी इस बात से मायूसी नहीं होती कि हमें त्योहर पर छुट्टी नहीं मिली। यह भी हमारा परिवार है और सबके साथ खुशी-खुशी त्योहार मनाते हैं।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बांद्रा पूर्व सीट पर बदले समीकरण, त्रिकोणीय मुकाबले में दिखेगा असर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बांद्रा रेलवे स्टेशन के पूर्वी हिस्से में स्थित बांद्रा पूर्व को



2009 में एक अलग निर्वाचन क्षेत्र के रूप में बनाया गया था। पहले इसे कांग्रेस के गढ़ खेरवाड़ी के नाम से जाना जाता था। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बांद्रा पूर्व सीट पर समीकरण बदल गए हैं। कभी शिवसेना का गढ़ रही इस सीट पर इस बार त्रिकोणीय मुकाबला है। इसके बाद यहां चुनाव परिणाम को लेकर कयास लगने लगे हैं। कांग्रेस नेता और बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी 2019 में यहां से शिवसेना के पूर्व महापौर विश्वनाथ महादेश्वर को हराकर विधायक बने थे। ऐसा बताया जा रहा है कि अपने पिता, राकांपा नेता और पूर्व कांग्रेस मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद जीशान को इस चुनाव में बढ़त मिल सकती है। जीशान को एनसीपी अजित से प्रत्याशी बनाया गया है। लोगों का कहना है कि भाजपा की सहयोगी अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का उनका फैसला जीशान के खिलाफ जा सकता है, क्योंकि इस निर्वाचन क्षेत्र में बड़ी संख्या में मुस्लिम आबादी है।

## मलंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च के प्रमुख कैथोलिकस का निधन, 95 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मलंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च के प्रमुख कैथोलिकस अबून मोर बासेलियस थॉमस-प्रथम का गुरुवार की शाम निधन हो गया। उन्होंने कोच्चि के एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में अंतिम सांस ली।मलंकारा ऑर्थोडॉक्स सीरियन चर्च के प्रमुख कैथोलिकस अबून मोर बासेलियस थॉमस-प्रथम का गुरुवार की शाम निधन हो गया। उन्होंने कोच्चि के एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 95 साल के थे। चर्च के अधिकारियों के मुताबिक, कैथोलिकस का निधन शाम 5.21 बजे हुआ। वह लंबे समय से उम्र संबंधी बीमारियों का उपचार करवा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कैथोलिकस का अंतिम संस्कार राज्य के पुत्तन्कुरिश में होगा। अंतिम संस्कार की अधिक जानकारी जल्द ही दी जाएगी। कैथोलिकस का



जन्म 22 जुलाई 1929 को पुत्तन्कुरिश के पास वडायाम्बाडी में हुआ था। उनके माता-पिता का नाम मैथाई और कुंजम्मा था। उन्होंने अपनी पादरी की शिक्षा मोर फिलोक्सेनोस पॉलोस से ली थी।मोर फिलोक्सेनोस ने उन्हें 1952 में 'कोरोयो' और 1957 में कडामट्टोम चर्चा में 'शम्शोनो' की पदवी प्रदान की थी। 1959 में उन्हें पुत्तन्कुरिश के सेंट पीटर्स चर्च का 'विका' नियुक्त किया गया। बाद में उन्होंने कोलाथोवाल, किजुमुरी, फोर्ट कोच्चि, वलंबूर, कोलकाता और त्रिशूर के चर्चों में सेवा दी। उन्हे एक बड़े उपदेशक के रूप में जाना जाता था, जो लोगों को धर्म की बाते समझाते थे। इसके साथ ही वह एक बहुत अच्छे आयोजक माने जाते थे। जनवरी 1974 में उन्हें मलंकारा जकोबाइट सीरियाई ईसाई संघ ने पादरी बनाया।

डाक पंजीयन नं. AD -326/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com – E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

## राजा भैया का जन्मदिवस मनाया गया



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** आधुनिक समाचार प्रयागराज के संपादक के दिशा निर्देश से आधुनिक समाचार की तरफ से माननीय श्रीमंत सरकार रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया जी के जन्म दिन पर दिलीप जायसवाल जी, प्रशांत सिंह जी , संजय सिंह जी , जे. पी. सर (भइया जी) तथा विवेक सिंह राठौर जी बेंती कुंडा श्रीमंत जी के निज निवास पर पहुंच कर अनन्त शुभकामनाओं के साथ दीर्घायु होने की कामना की।

## शोध छात्रों एवं पाठकों के लिए कालचक्र: एक प्रारब्ध अब अमेजॉन पर उपलब्ध

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के चर्चित साहित्यकार एवं पत्रकार स्वर्गीय राकेश कुमार वर्माठ नूतन ठद्वारा लिखित साहित्यिक पुस्तक कालचक्र एक प्रारब्ध ( 1966 -2020) का लोकार्पण आज से पांच दिन पूर्व काफी व्यापक स्तर पर प्रयागराज में संपन्न हुआ था जिस अवसर पर प्रयागराज मंडल के विभिन्न साहित्यिक क्षेत्र के सुधीजन उपस्थित रहे थे ।पांच दिनों में ही पुस्तक की बढ़ती लोकप्रियता से अमेजॉन जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने दिशा पब्लिकेशन प्रयागराज द्वारा प्रकाशित हुई इस पुस्तक को अपने डिजिटल लाइब्रेरी पर जगह दी है शुरुआत के कुछ दिनों तक दीपावली ऑफर के अंतर्गत पुस्तक की रेट में बीस प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है ।विभिन्न विश्वविद्यालयों के पुस्तकालय सहित अन्य पुस्तकालयों में भी छात्रों की मांग पर यह पुस्तक ऑनलाइन रखी गई है अस्सी एवं नब्बे के दशक के जाने-माने साहित्यकार स्वर्गीय राकेश कुमार वर्मा ठ नूतन ठ द्वारा लिखित एवं उनकी पत्नी स्वर्गीय नूतन वर्मा द्वारा संकलित कालचक्र : एक प्रारब्ध का संपादन प्रयागराज के गायक उद्घोषक एवं अभिनेता तथा कलाकार संघ के अध्यक्ष लेखक के बड़े सुपुत्र प्रियांशु श्रीवास्तव ठदीपक ठ तथा उनकी मित्र सीएमपी डिग्री कॉलेज की संगीत प्रवक्ता डॉ.आकांक्षा पाल जी ने किया है। प्रियांशु श्रीवास्तव ने बताया कि यह पुस्तक साहित्य में रुचि रखने वाले पाठ को तथा शोध छात्रों के लिए काफी लाभप्रद है क्योंकि नब्बे के दशक के सामाजिक तथा समसामयिक विषयों पर लेखक ने बेबाक टिप्पणी करते हुए अपनी लेखनी में समस्त विषयों को गद्य एवं पद्य के विभिन्न माध्यमों से प्रस्तुत किया है ऐसी पुस्तक समाज के विभिन्न वर्गों के लिए बहुपयोगी है।



## विश्वनाथ धाम में पहली बार लक्ष्मी पूजा, घाट और गलियों तक दिखी रौनक; फोटो में देखें काशी की दीपावली

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** काशी नगरी में दीपावली की भरपूर रौनक दिखी। मंदिरों और शिवालयों में दिये जलाने का दौर चलता रहा। भगवान गणेश और माता लक्ष्मी के पूजन के साथ त्योहार का समापन हुआ। घरों में बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने के बाद लोग आतिशबाजी करते दिखे।दीपज्योतिः परब्रह्म... यानी दीपावली पर मां लक्ष्मी आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं।?दीपावली की शाम को काशी की हर गली रौशन रही। घर की देहरी से लेकर बाबा विश्वनाथ का आंगन सांझ ढलते ही दीपों से रोशन हो उठा। गंगा के घाट हो गंगा पार रेती का नजारा दोनों तरफ झिलमिलाते दीप अपनी रोशनी से अमावस की रात को मात दे रहे थे दीपावली पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में दीप सज्जा और सनातन शास्त्रीय नवाचार हुआ। ब्रह्मांड में ज्योति से प्रकाश की उत्पत्ति स्वयं महादेव ने ज्योतिर्लिंग स्वरूप में प्रकाश स्तंभ के रूप में की है। शिवपुराण में इसका जिक्र है। ऐसे में ज्योति पर्व का अनुष्ठान ज्योतिर्लिंग धाम में समारोह का आयोजन शास्त्रों के हिसाब से किया जाता है। इसी सनातन विचार के क्रम में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने विशिष्ट सज्जा के साथ शास्त्रीय आराधना कराई। पहली बार उत्सव में मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सपरिवार पूजा की। मंदिर प्रांगण में श्री सत्यनारायण भगवान के मंदिर में महालक्ष्मी और गणपति की आराधना की गई। सनातन समाज, राष्ट्र और विश्व के सुखी होने की कामना की गई। दीपावली में भगवान विश्वनाथ की षोडशोपचार आराधना के बाद मां अन्नपूर्णा की पूजा की गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। बीती शाम को रोशनी के महापर्व पर शहर से गांव तक जगमग हो उठा। कहीं रंगबिरंगी झालरों की रोशनी तो कहीं मिट्टी के झिलमिल करते दीए। चारों ओर त्योहार की खुशियां बिखरने लगीं। दोपहर से ही महालक्ष्मी के आगमन की तैयारियां चल रही थीं। घरों के दरवाजे पर सजे वंदनवार माता के आगमन में सजे थे। सूर्य के अस्त होते ही घर से लेकर मंदिरों तक दीपक सजने लगे। इंद्रधनुषी रंगों से मन की कल्पनाओं की चटक रंगोली भी दीयों से सज उठी। घरों में पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिरों की ओर रुख किया। सबसे पहले मोहल्ले के मंदिरों में दीप जलाए और उसके बाद श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर सहित शहर के मंदिरों की ओर श्रद्धालु बढ़ चले। प्रतिष्ठान, संस्थान और घर रंग-बिरंगी झालरों की रोशनी से नहा उठे। भगवान गणेश और लक्ष्मी की पूजा के बाद आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। पूरा आसमान पटाखों की रंग-बिरंगी रोशनी से नहा उठा। बच्चों ने रंग-बिरंगी फुलझड़ियां जलाईं तो बड़ों ने भी राकेट, बुलेट बम सहित आकाशी रोशनी वाले पटाखे जलाए। दीपावली और छठ पूजा की भीड़ बाबतपुर एयरपोर्ट पर भी बढ़ गई है। महानगरों से आने वाले विमान में यात्रियों की संख्या अधिक तो वहीं जाने वालों की संख्या में कमी है। पिछले सात दिनों में 35 हजार से अधिक यात्रियों का सिर्फ एयरपोर्ट पर आगमन हुआ है। वहीं, 15 से 16 हजार यात्रियों ने एयरपोर्ट से प्रस्थान किया। विमानों की संख्या में भी 10 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। बृहस्पतिवार को 80 उड़ानें एयरपोर्ट पर पहुंची। हफ्ते पर पहले 60 से 65 उड़ानें आवाजाही करती थीं। बीती रात तक पूरी क्षमता के साथ विमानों ने उड़ान भरा था। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि छठ पूजा तक महानगरों से आने वाली विमानों में यात्रियों की संख्या अधिक है। छठ पूजा के बाद इधर से जाने वालों की भीड़ होगी।



## वृद्ध महिला की हुई मौत, कुछ दिन पहले ही वृद्धाश्रम से निकाली गई थी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**भदोही ।** भदोही के वृद्धाश्रम रहने वाली वृद्धा की मौत के बाद सवाल खड़े होते नजर आए। समाजसेवियों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जा रहा है कि पंद्रह दिनों पहले ही आश्रम में पहुंचाया गया था। बीते 15 दिनों से बड़े शिव धाम में रह रही निराश्रित वृद्धा की गुरुवार को मौत हो गई। इसके पहले वृद्धाश्रम से निकाले जाने के बाद वह वाराणसी-प्रयागराज हाईवे के फ्लाईओवर के नीचे जीवन यापन करती थी। जिसे कुछ समाजसेवियों ने बड़े शिव धाम पहुंचाया था। उसकी मौत के बाद समाजसेवियों की मदद से उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। नगर के लोग वृद्धाश्रम की उपयोगिता पर सवाल खड़े कर रहे हैंगोपीगंज के वृद्धाश्रम में एक 70 वर्षीय कुछ समय से रहती थी। बताया जा रहा है वह मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के कारण वह वृद्धाश्रम में काफी शोरगुल मचाती थी। जिससे अन्य वृद्धों को परेशानी होती थी। जिसके बाद प्रबंधन समिति ने उसे वहां से निकाल दिया। जिसके बाद 70 वर्षीय वृद्धा करीब एक माह तक वाराणसी-प्रयागराज हाईवे के फ्लाईओवर के नीचे एक महीने तक रही और इधर-उधर से कुछ मिलने पर गुजारा करने लगी।



## मकान में मिली छह बच्चों के मां की लाश, पति ने अवैध संबंध और हत्या की जताई आशंक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** महिला की लाश मिलने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची महाराजगंज थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पति ने तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति पर संदेह जताया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। जौनपुर के महराजगंज थाना क्षेत्र के भोगीपुर कठार गांव में अनुसूचित महिला का शव गुरुवार की सुबह निर्माणाधीन पीएम आवास में मिला। वह छह बच्चों की मां थी। पति ने अवैध संबंध को लेकर हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजाबाजार चौकी क्षेत्र के भोगीपुर कठार की अनुसूचित बस्ती में छह बच्चों की मां गुंजन (38) की संदिगध परिस्थिति में निर्माणाधीन पीएम आवास में पाई गई। पति गप्पू उर्फ सुनील कुमार रोजी-रोटी के लिए कभी दिल्ली तो कभी पंजाब में रहकर मजदूरी करता था। गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे दिवाली मनाने पंजाब से अपने घर पहुंचा काफी देर बाद पत्नी को मौके पर न देखकर अपनी बूढी मां सोनवंती और अपने बच्चों से पूछने लगा। सोनवंती ने बताया कि गांव के ही मौर्या बस्ती में मजदूरी करने गई होगी। मां की लाश देख बिलख पड़े बच्चे पुत्री प्रीति ने बताया कि मां कल शाम को बोली थी कि सुबह धनिया ले आएगी फिर दीपावली के दिन बढ़िया भोजन बनाएगी। मां खेत में धनिया लेने गई होगी। पति द्वारा खोजबीन किए जाने पर पत्नी गुंजन का शव घर से 100 मीटर दूर उन्हीं के अधूरे पीएम आवास में मिला। शरीर से कुछ कपड़े इधर-उधर थे। शव को देखते ही बच्चे रोने लगे। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे सीओ बदलापुर प्रतिमा वर्मा, एसओ महराजगंज ओपी पांडेय व फोरेसिंस की टीम जांच पड़ताल करना शुरू कर दी। महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया मृतक महिला छह बच्चे की मां है।




NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
कौशलं बलम्
NAINI ALLAHABAD

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी

फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड

कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है।
रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

Enjoy Publicity

भारत

# जिहादियों को दिया करारा जवाब, बोलीं- भेदभाव खत्म करते हैं रामलला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी ।** गंगा-जमुनी तहजीब को चरितार्थ करते इस आयोजन में संतों की भी उपस्थिति रही। मुस्लिम महिलाओं ने श्रीराम की आरती के बाद संतों का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।लमही के सुभाष भवन में मुस्लिम महिला फाउंडेशन एवं विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मुस्लिम महिलाओं ने नफरती जिहादियों को काशी से करारा जबाव दिया। मुस्लिम महिलाओं ने अपने हाथों से रंगोली बनाई, भगवान श्रीराम की प्रतिमा को पुष्पों से सजाया और उर्दू में लिखी राम आरती का गायन करते हुए भगवान की आरती उतारी। जलते हुए दियों से जब भगवान श्रीराम की आरती की जा रही थी तब यह संदेश पूरी दुनिया को जा रहा था कि राम नाम का दीपक ही दुनिया से नफरत के अंधकार को खत्म कर सकता है।पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर महंत बालक दास जी महाराज ने श्रीराम स्तुति की, आरती में मुस्लिम महिलाओं का साथ दिया और भेदभाव खत्म करने का संदेश दिया। हिन्दू और मुसलमानों को एक दूसरे के करीब लाने, दिलों को जोड़ने और सांस्कृतिक एकता की स्थापना के लिये मुस्लिम महिलाओं का यह प्रयोग सबसे कारगर साबित हुअ नाजनीन अंसारी ने फिलिस्तीन, इजराइल, लेबरान, सीरिया, यूक्रेन और रूस के राष्ट्राध्यक्षों को चिट्ठी लिखकर भगवान श्रीराम भक्ति का प्रचार-प्रसार करने की सलाह दी है। इससे युद्ध खत्म होंगे, शांति आएगी और देश के नागरिक मानवता का पाठ सीखेंगे। विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीगुरुजी ने कहा कि हिन्दू और मुसलमानों के दिलों के बीच प्रेम और सद्भावना का रामसेतु बनाना होगा। प्रभु श्रीराम को लेकर दुनिया के लोग विचार कर रहे हैं। अपने परिवार और देश को बचाने के लिये राम नाम का ही सहारा है। कार्यक्रम में डॉ. अर्चना भारतवंशी, डॉ. मृदुला जायसवाल, आभा भारतवंशी, खुर्शीदा बानो, रौशनजहां, नूरजहां, हफिजुननिशा, अजीजुननिशा, सायना, नरगिस, रुकैया बीबी, जुलेखा बीबी, नगीना बेगम, सरोज, गीता, पूनम, उर्मिला, किसुना, इली, खुशी, उजाला, दक्षिता भारतवंशी आदि लोग शामिल रहीं।




# होगी मजिस्ट्रीयल जांच, राजस्व विभाग की लापरवाही आई सामने, अखिलेश ने किर्यां पोस्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**जौनपुर।** जौनपुर जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में अनुराग यादव उर्फ छोटू (17) पुत्र रामजीत की तलवार से गर्दन काटकर निर्मम बड़ी घटना हो गई। घटनास्थल पर ही एसओ राजाराम द्विवेदी के साथ उनकी झड़प भी हुई। डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए एडीएम राम अछबर चौहान को नियुक्त कर दिया। डीएम ने ग्रामीणों हैं। घटना के बाद मौके पर केराकत, जलालपुर एवं गौराबादशाहपुर थानों की फोर्स और करीब छह सब इंस्पेक्टर सुरक्षा के तहत तैनात कर दिए गए हैं। कबीरुद्दीनपुर गांव में



हत्या कर दी गई थी। हत्या भूमि विवाद को लेकर हुई था, जिसमें उसके पट्टीदार ने ही घटना को अंजाम दिया था। इस मामले के बाद प्रशासनिक अमले में भी सनसनी फैल गई थी।जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कबीरूद्दीनपुर में 16 वर्षीय अनुराग यादव की हत्या के मामले की मजिस्ट्रीयल जांच का आदेश दिया है। जिलाधिकारी बुधवार को एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। मृतक के चचेरे भाई रामजस यादव और परिवार के राम नारायण ने उनके सामने एसओ गौराबादशाहपुर राजाराम द्विवेदी, कानूनगो मुनिलाल यादव और लेखपाल जगदीश यादव पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। रामजस ने बताया कि इस मामले में कई बार थाने पर, कानूनगो और लेखपाल को सूचना दी गई। फिर भी पुलिस और राजस्व टीम कभी भी मौके पर स्थिति की जांच करने नहीं आई। जिसकी वजह से आज इतनी के सामने कहा कि यदि कानूनगो, लेखपाल और एसओ की लापरवाही पाई जाती है तो जरूर कार्रवाई होगी।कबीरुद्दीनपुर गांव में ताइक्वांडो खिलाड़ी अनुराग यादव की निर्मम हत्या के मामले में राजस्व विभाग समय पर गंभीरता दिखाता तो शायद वारदात न होती। मृतक के परिजनों ने शिकायत के बाद भी अधिकारियों के मौके पर न पहुंचने का आरोप लगाया है। भूमि विवाद को लेकर कई बार रामजीत यादव के पक्ष ने कानूनगो, लेखपाल और थाने पर प्रार्थना पत्र देकर स्थलीय निरीक्षण की गुहार लगाई थी। फिर भी कोई मौके पर नहीं पहुंचा। मृतक के चचेरे भाई रामजस यादव ने बताया कि कई बार थाने पर भी प्रार्थना पत्र दिया गया था। वहीं डायल 112 के पुलिसकर्मियों के करीबी होने से भी आरोपी युवक का हौसला बढ़ने की गांव में चर्चा रही। आरोपी अक्सर डॉयल 112 टीम के साथ दुकानों पर बैठता था। कर गपशप करता था। मामले की ठीक से जांच हुई तो तहसील स्तर के अधिकारी भी बेनकाब हो सकते दिनदहाड़े तलवार से काटकर 16 वर्षीय किशोर अनुराग यादव की हत्या के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट करके प्रदेश सरकार की ध्वस्त कानून व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई। यह ट्वीट जिले के सोशल मीडिया अकाउंट पर तेजी से वायरल हो रहा है। किशोर की हत्या की घटना के बाद एसपी डॉ. अजयपाल शर्मा एक्शन में नजर आए। उन्हें जब पता चला कि आरोपी घर के अंदर है तो उन्होंने फौरन हमराहियों से गाड़ी में रखी पिस्टल मांगी और सीधे घर की तरफ चल पड़े। साथ में एएसपी अरविंद वर्मा भी थे। उन्होंने कहा कि तुरंत दरवाजा तोड़िए। दरवाजा खुलते ही वह पिस्टल लेकर अंदर घुस गए। वहां सिर्फ हत्यारोपी का पिता मिला, जिसे पकड़ लिया। इसके बाद मौके से भीड़ को हटाकर पिछले रास्ते से उन्होंने हत्यारोपी के पिता को पुलिस फोर्स के साथ गाड़ी से रवाना करा दिया।

# वनटांगिया गांव में सीएम ने मनाई दीपावली, बोले- 'समाज को बांटने वालों में रावण-दुर्योधन का डीएनए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**गोरखपुर।** वनटांगिया गांव में सीएम योगी की दीपावली : श्री अयोध्याधाम में बुधवार को दीपोत्सव का नया विश्व कीर्तिमान रचने के बाद गुरुवार पूर्वाह्न वनटांगिया गांव तिकोनिया नंबर तीन पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए 185 करोड़ रुपये की 74 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वनटांगिया गांव जंगल तिनकोनिया नंबर तीन में वनवासियों के साथ दीपावली मनाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। वनग्राम वनटांगिया गांव तिकोनिया नंबर तीन पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के लिए 185 करोड़ रुपये की 74 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि हम सभी को बांटने वाली ताकतों से सतर्क होकर एकजुट रहना होगा। अगर ऐसी ताकतों के धोखे में आकर उन्हें मौका दे दिया तो ये फिर वही काम करेंगे गुंडागर्दी का, अराजकता, दंगा कराने का। ये कहीं ताड़का को भेजेंगे, कहीं खर दूषण को भेजेंगे। कहीं चण्ड-मुण्ड को लेकर जाएंगे, अव्यवस्था पैदा करेंगे। बेटी-बहन की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेंगे। कहीं गरीब की जमीन कब्जा करेंगे। कहीं व्यापारी का अपहरण करेंगे। कहीं राह चलते किसी राहगीर को गोली मारेंगे। कहीं पर्व और त्योहार के पहले दंगा भड़काएंगे। यही तो ये लोग करते थे, 2017 के पहले।मुख्यमंत्री ने कहा कि अब ऐसे तत्व जानते हैं कि जो सुरक्षा में सेंध लगाएगा वह राम नाम सत्य की ओर चला जाएगा। अब कोई जबरन कानून हाथ को लेगा तो उसे मालूम है कि कानून उसको फांसी के फंदे तक लेकर चला जाएगा। कोई राह में किसी बहन-बेटी की इज्ज़त से खिलवाड़ करेगा तो उसे पता है कि यह रास्ता उसे दुर्योधन और दुशासन की गति प्रदान कर देगा। कोई दंगा कराकर पर्व और त्योहारों में खलल डालने का काम करेगा तो उसे भी अंजाम पता ह मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार ने सबको बिना भेदभाव सुरक्षा, सम्मान, विकास और समृद्धि की गारंटी दे रखी है। सुरक्षित माहौल में ही समृद्धि आती है। सुरक्षित माहौल में ही उज्ज्वल भविष्य की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। सीएम योगी




ने अयोध्या में बुधवार को आयोजित भव्य और दिव्य दीपोत्सव की भावपूर्ण चर्चा करते हुए कहा कि राक्षसराज का अंत कर प्रभु श्रीराम जब 14 वर्ष बाद अयोध्या आए तो दीपावली मनाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी दीपोत्सव कार्यक्रम होता है तो उसका प्रतिफल होता है रामराज्य की स्थापना होती है। रामराज्य वह होता है जहां शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सबको मिलता है। न जाति, न भाषा, न क्षेत्र, न अगड़ा, न पिछड़ा, न छुआछूत-अश्पृश्यता का विभेद होता। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं। में आयोजित दीपोत्सव में मुख्यमंत्री ने एक बार फिर सामाजिक एकरुपता का मंत्र देते हुए जाति, क्षेत्र, भाषा आदि के नाम पर समाज को बांटने वाले लोगों पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कोई जाति के नाम पर बांट रहा है, कोई क्षेत्र के नाम पर बांट रहा है, कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है, कोई अव्यवस्था पैदा करने का काम कर रहा है। बांटने वाले इन तत्वों में रावण और दुर्योधन का डीएनए काम कर रहा है। जो काम त्रेतायुग में रावण ने किया, वही काम बांटने वाले कर रहे हैं।श्री अयोध्याधाम में बुधवार को दीपोत्सव का नया विश्व कीर्तिमान रचने के बाद गुरुवार पूर्वाह्न














# मिर्ज़ापुर सोनभद्र

## 8000 में से 4002 ही बदले जा सके बिजली के पोल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** नगर में रीवैंप योजना के प्रस्तावित कार्यों की प्रगति काफी धीमी है। अभी तक सिर्फ 30 प्रतिशत ही काम हो पाए हैं। स्थिति यह है कि जिले के 8000 बिजली के पोल में से अभी तक 4002 ही बदले जा सके हैं नगर क्षेत्र में रीवैंप योजना के तहत कई काम कराए जाने हैं। सभी कार्यों की प्रगति धीमी है। इसके तहत 11 केवी की 2810 लाइनें बनाई जानी थीं, लेकिन अभी तक मात्र 619 लाइनें ही बन सकी हैं। इसी प्रकार 33 केवी की 202 लाइनें बनाई जानी थीं, लेकिन उसमें 54 लाइनें ही बनाई जा सकी हैं। इसी प्रकार 11 केवीए के 281 किमी तार लगाए जाने थे, लेकिन उसमें भी अभी तक मात्र 107 किमी तार ही लगाए जा सके हैं। विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता मनीष कुमार का कहना है कि प्रगति धीमी तो है लेकिन काम कराए जा रहे हैं। इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। उधर, विद्युत वितरण खंड द्वितीय में अब डाग तारों की जगह पैंथर तार लगाए जा रहे हैं, जो ज्यादा मजबूत और टिकाऊ हैं। इससे स्पार्किंग व टूटने की समस्या लगभग नहीं के बराबर होती है। इससे ब्रेकडाउन भी कम होगा।



## ट्रक से टकराने पर बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत, दूसरा घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**राजगढ़।** ददरा बाजार में बुधवार की रात सड़क पर खड़े ट्रक में टकराने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी राजगढ़ पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे साथी की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। ददरा पहाड़ी गांव निवासी 35 वर्षीय रामनरेश और 24 वर्षीय शत्रुघ्न बुधवार की रात करीब 11 बजे नदिहार बाजार से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में ददरा बाजार स्थित बैंक के पास आगे से आ रहे वाहन की रोशनी बाइक चालक की आंखें चौंधियां गईं। इससे वे सड़क पर खड़े ट्रक में जा टकराए। इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी राजगढ़ ले जाया गया। जहां आकस्मिक ड्यूटी पर तैनात डॉ. संतलाल ने रामनरेश को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल शत्रुघ्न की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजगढ़ थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने बताया कि सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है। दूसरागंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रेफर किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## नहर में गिरने से बाइक सवार की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**हलिया।** चककोटार बौद्ध स्थल के पास बुधवार की रात बाइक सवार व्यक्ति 15 फीट नीचे नहर में गिर गया। इससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे पीएचसी हलिया पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव निवासी 48 वर्षीय अजय सिंह बाइक से हलिया बाजार से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में चककोटर बौद्ध स्थल के पास बाइक अनियंत्रित होकर नहर में 15 फीट नीचे जा गिरी। इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उसे नहर से बाहर निकालकर पीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि अजय सिंह की नहर में गिरने से मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## घर से 100 मीटर की दूरी पर मिली खून से लथपथ लाश, फॉरेंसिक टीम पहुंची; कोहराम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** लाश मिलने की सूचना पाकर मौके पर बीजपुर थाने की पुलिस पहुंच गई। आसपास के लोगों



से पूछताछ के बाद शव को कब्जे में ले लिया गया। सोनभद्र के बीजपुर थाना क्षेत्र के बीजपुर गांव के पुनर्वास प्रथम टोला में वृद्ध की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। उसका शव घर से 100 मीटर दूर लहूलुहान हाल में पड़ा था। पुलिस शव कब्जे में लेकर छानबीन में जुट गई है। पुनर्वास प्रथम निवासी रामलखन बैगा (58) पुत्र हरिहर बैगा बीती रात अपने पुराने मकान से नए मकान में सोने गया था। दोनों मकानों की दूरी करीब 800 मीटर है। शुक्रवार की सुबह रामलखन का छोटा बेता सुरेश खेत में जा रहा था। रास्ते में उसने घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर पिता का खून से लथपथ शव देख सन्न रह गया।चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फ़ारेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।हरिहर बैगा अपने घर पर अकेला था। उसकी पत्नी बेटी के यहां गई थी। हरिहर तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसे चार लड़के हैं। तीन लड़के बाहर काम कर जीवनयापन कर रहे हैं। घर पर एक लड़का सुरेश ही था। लोग दीपावली का त्योहार रात में मना कर सो गए। सुबह उठे तो हत्या की वारदात सुन अवाक रह गए। हरिहर काफी मिलनसार था। उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।

## दीपोत्सव के उल्लास में जगमग हुआ हर कोना, रंग-बिरंगे झालरों से सजाए गए घर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** दीपोत्सव के उल्लास में हर कोई डूब गया है। शहर से



लेकर गांवों तक घर, दुकान, बाजार से लेकर हर कोना रोशनी से नहा उठा है। अंधेरी रात में रंग-बिरंगे झालरों से जगमगाते भवनों की सुंदरता अलौकिक छटा बिखेरती रखी। पूर्व संध्या पर लोगों ने जमकर खरीदारी दी। लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, कपड़े, माला, मिठाई, पटाखा सहित अन्य सामानों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आई। चाइनीज झालरों से ज्यादा मिट्टी के दीपक के प्रति लोगों का रुझान दिखा।30 रुपये से लेकर मूर्तियां 600 रुपये तक बिकीं। दीपावली के दिन विशेष कर धन धान्य की अधिष्ठात्री देवी मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा अर्चना की जाती है। घरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रॉबर्ट्सगंज नगर के विभिन्न स्थानों के साथ ही रामलीला मैदान में सजी दुकानों पर खरीदारों की भीड़ जुटी रही। यहां लोगों ने मां लक्ष्मी, विघ्नहर्ता गणेश की प्रतिमा, मिट्टी के दिए, रेवड़ी, चूरा, लाई, चीनी की बनी मिठाई, रूई, कैलेंडर, मोमबत्ती समेत अन्य पूजन सामग्री क्रय किया। शीतला मंदिर, संकट मोचन मंदिर के समीप माला की सजी दुकानों पर भीड़ रही। उधर, उरमौरा डायट परिसर में सजीं पटाखे की दुकानों पर भीड़ रही। दोपहर बाद अचानक भीड़ बढ़ी जो रात दस बजे तक रही। यहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी और पुलिस कर्मी तैनात रहे। इसी तरह रामगढ़, खलियारी, वैनी, शाहगंज, ओबरा, घोरावल, चुर्क, चोपन, पिपरी, रेणुकूट, अनपरा, शक्तिनगर समेत अन्य बाजार में भी चहल-पहल रही।दीपावली की पूर्व संध्या पर खिलाड़ियों ने ओबरा स्थित अंबेडकर स्टेडियम को 21 हजार मोमबत्तियों से सजाया गया।

## हादसे में पांच लोग घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**पटेहरा।** कन्हईपुर ढेढ़ी तालाब के पास दीपनगर-संतनगर मार्ग पर बृहस्पतिवार को दोपहर में दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। खनवर दुबार निवासी सूरज (25) अपने एक साथी के साथ संतनगर की ओर जा रहे थे। सामने से गोंडर खुर्द निवासी अमरेश (22) अपनी बाइक पर पीछे गांव के ही 21 वर्षीय सुनील (21), छोटू (18), कुसुमजीत (19) को बैठाकर बरईपुर जा रहे थे। कन्हईपुर ढेढ़ी तालाब के पास मोड़ पर दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को एंबुलेंस से पीएचसी पटेहरा भेजवाया। जहां डॉ. राजकुमार व डॉ. बहाल अहमद ने अमरेश, सूरज व सुनील को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष संतनगर जितेंद्र सरोज ने बताया कि तीन घायलों को ट्रॉमा रेफर किया गया है।

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लालगंज।** धनावल परमपुर गांव में बुधवार को तालाब में नहाने के दौरान एक किशोर गहरे पानी में जाने से डूब गया। परिजन उसे डूब गए। किसी ने इसकी सूचना परिजनों को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे परिजन राहुल को तालाब से निकालकर मंडलीय अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत



तालाब से निकालकर इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। धनावल परमापुर निवासी राहुल साहनी (15) बुधवार को दोपहर में तालाब में नहाने गए थे। नहाने के दौरान वे गहरे पानी में चले गए। गहरे पानी में जाने से वे डूबने लगे। जब तक आस-पास के लोग कुछ समझ पाते, राहुल गहरे पानी में घोषित कर दिया। राहुल कक्षा नौ का छात्र था। तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ा था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके दादा शालिकराम ने पुलिस में सूचना दी। लालगंज थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि तालाब में नहाते समय डूबने से किशोर की मौत हो गई।

## परचून की दुकान से 242 किलो पटाखे बरामद, दो गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** कटरा कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की शाम इमरती रोड दत्तू किशन की गली में स्थित परचून की दुकान पर दबिश देकर जांच की। इस दौरान परचून की दुकान से 242 किलो पटाखे बरामद हुए। भंडारण की सूचना पर दबिश देकर जांच की। उन्होंने बताया क जांच के दौरान परचून की दुकान की ऊपरी मंजिल में बारूदयुक्त पटाखे बरामद हुए। मौके से आरोपी शुभम केशरी और उसके भाई सौरभ केशरी को गिरफ्तार किया गया।



मौके पर पुलिस ने पटाखों के अवैध भंडारण के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी बुधवार को पुलिस लाइन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सीओ सिटी विवेक जावला ने दी। उन्होंने बताया कि अवैध तरीके से पटाखे बेचने वालों पर कार्रवाई जारी है। सोमवार की रात शहर कोतवाली के धुंधी कटरा से पटाखे बरामद करने के बाद कटरा कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की रात इमरती रोड दत्तू किशन की गली में स्थित परचून की दुकान में पटाखों के अवैध जांच के दौरान 242 किलो पटाखे बरामद हुए। इसमें बुलेट बम, मिनी बम, हाइड्रो बम, चटाई, फुलझरी, राकेट, मिसाइल आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। सीओ के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उनकी परचून की दुकान है। दीपावली और छठ आदि पर्व के मद्देनजर ज्यादा लाभ के चक्कर में भवन की ऊपरी मंजिल पर अवैध रूप से पटाखों के भंडारण किए थे।

## गुस्से में दबा रहा था गला, सोचा न था कि बेटी मर जाएगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** हाथीनाला थाना क्षेत्र के साउडीह गांव में महज 17 दिन पहले जन्मी बेटी की गला दबाकर हत्या करने के आरोपी पिता को दशमतिया की तबीयत खराब होने पर पति-पत्नी उसे उपचार के लिए लेकर जा रहे थे। रास्ते में दोनों के बीच पारिवारिक विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। आवेश में रामरति



पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। पूछताछ में उसने पत्नी से विवाद के बाद आवेश में आकर गला दबाने की बात कही। उसका कहना था कि गुस्से में वह गला दबा रहा था, लेकिन यह तनिक भी नहीं सोचा था कि बेटी की जान चली जाएगी। साउडीह गांव निवासी रामरति खरवार की पत्नी मानमति ने 12 अक्तूबर को बेटी दशमतिया को जन्म दिया था। मंगलवार को ने पत्नी की गोद से बेटी को छीन लिया और जंगल की ओर भागा। उसने हाथ से बेटी का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद वह खुद शव लेकर थाने में पहुंचा और पुलिस को घटना की सूचना दी। थानाध्यक्ष एसपी सिंह ने बताया कि आरोपी पिता को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। पूछताछ में उसने गुस्से में आकर घटना को अंजाम देने की बात कही।

## सड़क पर गिरने से बाइक सवार घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**हलिया।** ब्लॉक मार्ग स्थित बगीचा के पास बुधवार की रात बाइक




अनियंत्रित होकर गिर जाने से उस पर सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीण घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए पीएचसी हलिया लेकर गए। जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। हलिया कस्बा निवासी 42 वर्षीय धीरज गुप्ता बुधवार को देर शाम किसी काम से भटवारी गांव की तरफ गए थे। रात में वे घर लौट रहे थे। रास्ते में हलिया ब्लॉक मार्ग के बगीचा के पास पहुंचे थे, उसी बीच अनियंत्रित अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार धीरज गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीण उन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिए पीएचसी हलिया लेकर गए। जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने हालत गंभीर देख ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर इलाज के लिए आया था। उसे सिर में गंभीर चोट होने के कारण ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

## कार की टक्कर से बालक की मौतचील्ह। मिर्जापुर-औराई मार्ग पर मुजेहरा खुर्द गांव के पास बृहस्पतिवार को दोपहर बाद कार की चपेट में आने से आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।**चील्ह थाने के मुजेहरा खुर्द गांव निवासी पिंटू सिंह का आठ वर्षीय पुत्र मोहित कुमार अपने घर से कुछ दूर पटरी पर खेल रहा था। औराई की तरफ से मिर्जापुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दिया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर चील्ह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि बालक के पिता पिंटू सिंह की तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।



## घोरावल की आवासीय बस्ती में घुसा छः फीट का मगरमच्छ, वन विभाग की टीम ने बेलन नदी में छोड़ा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** घेरावाल की बस्तियों में मगरमच्छ की दहशत है। आवासीय बस्ती में छः फीट लंबा मगरमच्छ बीरे भारती पुत्र प्यारे के घर के शयन कक्ष में भोर में सुबह छह फीट लंबा मगरमच्छ देखा गया। सुबह सोकर उठने पर परिजनों को अभिलाष वर्मा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सूबे कुमार, ओमप्रकाश पाल की टीम ने मौके पर पहुंच कर रस्सी व बांस के




घुस जाने से दहशत फैल गई। वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। टीम ने रेस्क्यू किया और वन्य जीव को बेलन नदी में छोड़ दिया। घोरावल वन क्षेत्र के अंतर्गत बर्दिया गांव में बृहस्पतिवार को आवासीय बस्ती में एक किसान के घर में छह फीट लंबा मगरमच्छ घुसने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ का रेस्क्यू कर बेलन नदी में छोड़ दिया। क्षेत्र के शिवद्वार चौकी अंतर्गत बर्दिया गांव में आवासीय बस्ती में कमरे में अजीब सी सरसराहट की आवाज सुनाई दी। परिजनों ने कमरे में देखा को चारपाई के पास मगरमच्छ को देख वे हैरान रह गए। दहशत में आए परिजन तुरंत कमरे से बाहर निकल गए और बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। मगरमच्छ घर में घुसने की जानकारी पुलिस और वन विभाग को दी गई। शिवद्वार चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे।वन क्षेत्राधिकारी ज्ञानेश कुमार के निर्देश पर वन दरोगा अमलेश सिंह यादव, वन्यजीव रक्षक सहारे करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ लिया और बेलन नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। वन क्षेत्राधिकारी ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह बर्दिया गांव में आवासीय बस्ती से छह फीट लंबा नर मगरमच्छ पकड़ा गया, जिसका रेस्क्यू कर बेलन नदी में छोड़ दिया गया। बताया कि इस समय बेलन नदी, बकहर नदी व तालाबों के आस-पास आवासीय बस्ती और खेतों में मगरमच्छ के भटक कर आ सकते हैं।


## तबादले से नाखुश कर्मचारी ने दी जान, कर्मियों ने ठप किया कार्य

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** एनसीएल अमलोरी कोयला क्षेत्र के एक कर्मचारी ने अधिकारी पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए जान दे दी। उसका शव फंदे से लटकता मिला। पास से मिले सुसाइड नोट में उसने उत्पीड़न के तहत ही तबादला करने का जिक्र किया है। घटना की जानकारी के बाद साथी कर्मियों ने कार्य ठप कर दिया। जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। इसके चलते कई घंटे कोयला उत्पादन से जुड़ा कार्य प्रभावित रहा। जांच के आश्वासन पर कर्मचारी शांत हुए।एनसीएल अमलोरी परियोजना के कर्मचारी राजकुमार (59) ने मंगलवार को अपने आवास में फांसी लगाकर जान दे दी। राजकुमार शावेल अनुभाग में वेल्डर पद पर कार्यरत था। उसका शव आवास में गमछा के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के दौरान घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद किया। नोट में मृतक ने एनसीएल के अधिकारियों पर बगैर कारण दूसरे विभाग में ट्रांसफर करने का आरोप लगाते हुए लिखा है कि ट्रांसफर उसे प्रताड़ित करने के उद्देश्य से किया गया। इसी से आहत होकर वह सुसाइड करने को मजबूर हो गया। इस घटना को लेकर आक्रोशित श्रमिक संगठनों ने परियोजना में काम ठप कर दिया। हरकत में आए प्रबंधन ने तत्काल सुसाइड नोट में शामिल अनुभाग प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ कर दी। तब जाकर श्रम संगठन से उत्पादन ऑपरेशन शुरू किया।



# स्पोर्ट्स





## दिवाली पर फैंस को धोनी का तोहफा, रिटेन होने वाले सबसे उम्रदराज अनकैप्ड खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** धोनी की वापसी अनकैप्ड खिलाड़ी नियम के तहत हुई है, जिसे आईपीएल संचालन परिषद ने आगामी सत्र के लिए फिर से लागू किया है। 2021 में यह नियम खत्म कर दिए गए थे। भारतीय खिलाड़ी संबंधित सीजन के आयोजन से पहले के पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, टी20 अंतरराष्ट्रीय) में शुरुआती एकदाश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई के साथ केंद्रीय अनुबंध है। वहीं, मथीशा पथिराना को 13 करोड़ और शिवम दुबे को 12 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया है। चेन्नई ने तीन चार कैप्ड और एक अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन किया। अब वह ऑक्शन में किसी एक कैप्ड खिलाड़ी को राइट टू मैच कार्ड से चुन सकते



हालांकि, बीसीसीआई ने उसे इस साल फिर से लागू किया। महेंद्र सिंह धोनी ने आखिरकार अगले सीजन में खेलेंगे या नहीं, इस सस्पेंस पर पूर्ण-विराम लगा दिया है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी इंआईपीएल के 18वें सीजन में वापसी करेंगे। आईपीएल 2024 के बाद से फैंस के बीच व्यापक चर्चाएं थीं कि क्या धोनी एक और सत्र के लिए खेलने के लिए वापसी करेंगे या नहीं, अब सीएसके ने गुरुवार को रिटेंशन लिस्ट जारी कर फैंस को दिवाली पर तोहफा दिया है। धोनी की वापसी अनकैप्ड खिलाड़ी नियम के तहत हुई है, जिसे आईपीएल संचालन परिषद ने आगामी सत्र के लिए फिर से लागू किया है। 2021 में यह नियम खत्म कर दिए गए थे। हालांकि, बीसीसीआई ने उसे इस साल फिर से लागू किया। इस नियम के तहत- 'अगर कोई कैप्ड नहीं है, तो वह अनकैप्ड हो जाएगा।' यह नियम सिर्फ भारतीय खिलाड़ियों के लिए लागू होगा। नियम में बदलाव का मतलब था कि चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र धोनी जिन्होंने आखिरी बार 2019 में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारतीय टीम के लिए खेला था, अब आईपीएल 2025 के लिए अनकैप्ड खिलाड़ी के तौर पर नजर आएंगे। धोनी टूर्नामेंट की शुरुआत से ही 'येलो आर्मी' के लिए खेल रहे हैं और उन्होंने वर्ष 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में रिकॉर्ड पांच आईपीएल खिताब दिलाने में मदद भी की है। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 के लिए पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। धोनी को चार करोड़ रुपये में रिटेन किया गया है। वहीं, सीएसके ने रवींद्र जडेजा और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को सबसे ज्यादा 18-18 करोड़ रुपये में रिटेन किया हैं। सीएसके की टीम मेगा नीलामी में 55 करोड़ रुपये के पर्स के साथ उतरेगी। धोनी ने जुलाई 2019 से भारत के लिए कोई क्रिकेट नहीं खेला है और अगस्त 2020 में संन्यास ले लिया था। हालांकि, धोनी सुपर किंग्स के लिए खेलते रहे हैं। इस बीच फैंस ने धोनी का खुले हाथों से स्वागत किया क्योंकि सीएसके का यह दिग्गज खिलाड़ी आईपीएल में अपना 18वां सीजन खेलेगा। 2016 और 2017 को छोड़कर वह हमेशा सीएसके के लिए खेले हैं। 2016 और 2017 में सीएसके पर बैन लगा था और तब वह राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स के लिए खेले थे। फैंस ने सीएसके के फैसले का स्वागत करते हुए कहा, 'एमएस धोनी को रिटेन किया गया है। वह आईपीएल 2025 में होंगे। क्या खिलाड़ी और इंसान हैं धोनी। खेलने के लिए गजब का समर्पण।

## बांग्लादेश को हराकर द. अफ्रीका ने बदला अंक तालिका का समीकरण, फाइनल के लिए ठोकी दावेदारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में स्वीप के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका का समीकरण बदल दिया है। एडेन मार्करम की टीम ने दूसरा उनका अंक प्रतिशत (54.17) भी बेहतर हो गया है। वहीं, बांग्लादेश आठवें पायदान पर है और फाइनल की रेस से लगभग



चौथा स्थान हासिल कर लिया है। आठ में से चार जीत के साथ उनका अंक प्रतिशत (54.17) भी बेहतर हो गया है। वहीं, बांग्लादेश आठवें पायदान पर है और फाइनल की रेस से लगभग बाहर हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से क्लीन मुकाबला पारी और 273 रनों से जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। इससे पहले टीम ने मेजबानों को सात विकेट से हराया था। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। आठ में से चार जीत के साथ बाहर हो चुकी है। बता दें कि, डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला अगले साल लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारतीय टीम फिलहाल 62.82 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया 62.50 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे पायदान पर है।

## मैं नहीं मानता कि स्पिन को खेलने का हमारा कौशल कम हुआ है', तीसरे टेस्ट से पहले बोले गंभीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गंभीर से जब पूछा गया कि क्या भारतीय बल्लेबाजों का स्पिन खेलने का कौशल कम हुआ है, उन्होंने कहा, 'मैं ऐसा नहीं मानता। कभी-कभी आपको विरोधी टीम को भी श्रेय देना चाहिए।' भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने गुरुवार को इन दावों को खारिज कर दिया कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय बल्लेबाजों का स्पिन गेंदबाजी खेलने का कौशल कम हुआ कहा, 'जब आप अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे होते हैं तो आखिर में परिणाम महत्व रखता है लेकिन मुझे नहीं लगता कि स्पिन गेंदबाजी खेलने का हमारा कौशल कम हुआ है। यह कड़ी मेहनत करने और लगातार बेहतर बनने से जुड़ा है।' गंभीर ने कहा कि क्रिकेटर अब आक्रामक क्रिकेट खेलने के आदी हो चुके हैं जिससे रक्षात्मक बल्लेबाजी की कला प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा, 'कभी-कभी आप





है लेकिन उनको लगता है कि टी20 क्रिकेट के कारण रक्षात्मक बल्लेबाजी की कला प्रभावित हुई है। भारतीय बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में स्पिनरों की मददगार पिच पर पूरी तरह से नाकाम रहे और टीम को 113 रन से हार का सामना करना पड़ा। गंभीर से जब पूछा गया कि क्या भारतीय बल्लेबाजों का स्पिन खेलने का कौशल कम हुआ है, उन्होंने कहा, 'मैं ऐसा नहीं मानता। कभी-कभी आपको विरोधी टीम को भी श्रेय देना चाहिए। मिचेल सेंटनर ने पिछले मैच में शानदार गेंदबाजी की। लेकिन हमें कड़ी मेहनत जारी रखनी होगी। हमारे खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं।' उन्होंने तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से गेंद पर प्रहार करने के इतने आदी हो जाते हैं कि आप रक्षात्मक होकर खेलना भूल जाते हैं जैसा शायद आठ या 10 साल पहले हुआ करता था। एक संपूर्ण क्रिकेटर वह क्रिकेटर होता है जो टी20 प्रारूप और टेस्ट क्रिकेट दोनों में सफलता हासिल करे। वह परिस्थितियों से तुरंत सामंजस्य बिठाता है।'भारतीय टीम पर क्लीन स्वीप का खतरा मंडरा रहा है। अभी तक दो या इससे ज्यादा मैचों की द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया अपने सरजमीं पर सिर्फ एक बार क्लीन स्वीप हुई है। 1999/2000 में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को दो टेस्ट मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। इसके अलावा टीम इंडिया अपनी धरती पर कभी क्लीन स्वीप नहीं हुई। रोहित एंड कंपनी इससे बचना चाहेगी।

## पहली पारी में फुस्स पटाखा साबित हुई भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के इस घातक गेंदबाज ने फोड़ा बम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच पहले अनौपचारिक टेस्ट की शुरुआत आज से हुई है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। पहली ही पारी में उन्हें तगड़े झटके लगे। टीम के तीन बल्लेबाज खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए। ऋतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व में भारत की युवा टीम तीन अनौपचारिक टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर गई है। आज मकॉय में पहले टेस्ट की शुरुआत हुई, जिसमें भारत ए का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। पहली पारी में टीम इंडिया 107 रन पर ऑलआउट हो गई। इस




दौरान कंगारूओं के एक गेंदबाज ने भारतीयों पर जमकर हमला किया। भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच पहले अनौपचारिक टेस्ट की शुरुआत आज से हुई है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। पहली ही पारी में उन्हें तगड़े झटके लगे। टीम के तीन बल्लेबाज खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए। इनमें कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, नितीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम में चुने गए अभिमन्यु ईश्वरन और नीतीश कुमार रेड्डी को उछाल भरी पिच पर संघर्ष करना पड़ा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ए के तेज गेंदबाज ब्रेंडन डोगेट ने 11 ओवरों में 15 रन देकर छह विकेट लेकर अपने प्रथम श्रेणी करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## सचिन से लेकर गंभीर तक इस तरह दिग्गजों ने मनाई दिवाली, अलग-अलग अंदाज में दी फैंस को शुभकामनाएं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से लेकर टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अलग-अलग अंदाज में फैंस को बधाई दी हैदेशभर में दीपावली का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। आम जनता से लेकर सेलेब्स तक सभी आस्था में डूबे हुए हैं। भारतीय खेल जगत के सितारे भी पीछे नहीं हैं, सभी त्योहार के रंग में नजर आ रहे हैं और हर्षोल्लास के साथ दीप रोशन कर रहे हैं। पूर्व भारतीय महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से लेकर टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अलग-अलग अंदाज में फैंस को बधाई दी है। 'क्रिकेट के भगवान' सचिन तेंदुलकर ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ दीपावली का त्योहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया। इसकी तस्वीरें भी उन्होंने अपने एक्स हैंडल से साझा कीं। भारतीय टीम के मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी देशवासियों को दीपावली की शुभमकामनाएं दीं। उन्होंने अपने घर में बनी रंगोली की तस्वीर साझा की। पूर्व भारतीय दिग्गज बल्लेबाज सुरेश रैना ने अपनी पत्नी प्रियंका चौधरी के साथ दिवाली मनाई। उन्होंने पत्नी के साथ तस्वीर साझा कर अपने प्रशंसकों को बधाई दी। पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ दीपावली पर दिए रोशन किए। पूर्व पहलवान विनेश फोगाट ने भारतीय प्रशंसकों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस तस्वीर में वह बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। भारतीय महिला टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने खुशी का यह त्योहार अपने परिवार के साथ धूमधाम से मनाया। उन्होंने अपने फैंस को दिवाली की भरपूर शुभकामनाएं दीं। पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने अपनी पत्नी पूजा के साथ प्रकाशपर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया।





## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।


आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## राजस्थान ने बटलर से किया किनारा, अर्शदीप को नहीं मिला पंजाब का सहारा, टीमों के छह चौंकाने वाले फैसले

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फ्रेंचाइजियों ने कुछ ऐसे भी फैसले लिए जिन्होंने सभी को हैरान कर दिया। यहां हम उन्हीं के विषय में चर्चा करेंगे। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी। चेन्नई सुपर किंग्स ने महेंद्र सिंह धोनी को चार करोड़ रुपये में रिटेन करके फैंस को तोहफा दिया। वहीं, मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को 16.30 करोड़ में रिटेन किया। इस सबके बीच फ्रेंचाइजियों ने कुछ ऐसे भी फैसले लिए जिन्होंने सभी को हैरान कर दिया। यहां हम उन्हीं के विषय में चर्चा करेंगे मुंबई इंडियंस की रिटेंशन लिस्ट में ईशान किशन का नाम नहीं है। उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया है। टीम प्रबंधन के इस फैसले ने सभी को हैरान कर दिया। बता दें कि, पिछले सीजन में विकेटकीपर बल्लेबाज ने 14 मैचों में 320 रन बनाए थे। इस संस्करण में उनके बल्ले से एक अर्धशतक आया था। 26 वर्षीय खिलाड़ी को 2018 से मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में खेलते देखा जा रहा था। हालांकि, अब वह टीम का हिस्सा नहीं हैं और मेगा नीलामी में अपनी किस्मत आजमाएंगे।कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी चौंकाने वाला फैसला लेते हुए अपने कप्तान श्रेयस अय्यर को रिलीज कर दिया। स्टार





खिलाड़ी के नेतृत्व में टीम ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था। यह तीसरा मौका था जब केकेआर विजेता बनी थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिटेंशन से पहले अय्यर ने फ्रेंचाइजी के सामने अधिक कीमत की मांग रखी थी। इसको लेकर उनकी टीम प्रबंधन से अनबन भी हुई थी। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि वह अब दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा बन सकते हैं। पहले भी अय्यर इस टीम का हिस्सा रह चुके हैं। राजस्थान रॉयल्स ने छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें पांच कैप्ड और एक अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल है। हैरानी की बात यह है कि फ्रेंचाइजी ने अपने विस्फोटक बल्लेबाज जोस बटलर को बाहर का रास्ता दिखा दिया। पिछले संस्करण में बटलर ने दो शतकों की मदद से 359 रन बनाए थे। वह आईपीएल के एक सीजन में विराट कोहली के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। आईपीएल 2022 में इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज ने चार शतकों की मदद से 863 रन बनाए थे। इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद फ्रेंचाइजी ने उनसे किनारा कर लिया। टीम प्रबंधन का यह फैसला हर किसी की समझ से परे है। रिटेन नहीं किए जाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में एक नाम ऋषभ पंत का भी है, जिन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इसी साल उन्होंने दो साल के ब्रेक के बाद वापसी की थी। माना जा रहा है कि वह अब पंजाब किंग्स का हिस्सा बन सकते हैं। दरअसल, पंजाब के टीम प्रबंधन ने हाल ही में रिकी पोंटिंग को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया था। पोंटिंग की कोचिंग में पंत दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करते थे। ऐसे में उनके पंजाब से जुड़ने की अटकलें तेज हो गई हैं। पंजाब किंग्स ने अपने कोर ग्रुप को पूरी तरह रिलीज कर दिया है। उन्होंने सिर्फ प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह को रिटेन किया है। हैरानी की बात यह है कि फ्रेंचाइजी ने अपने मुख्य गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी रिलीज कर दिया। वह 2019 में टीम से जुड़े थे। पिछले संस्करण में उन्होंने अपनी घातक गेंदबाजी की बदौलत 19 विकेट अपने नाम किए थे। इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद फ्रेंचाइजी ने उनके खिलाफ फैसला लेकर सभी को हैरान कर दिया।

## सभी की जिम्मेदारी है, सिर्फ बल्लेबाजों का दोष नहीं', न्यूजीलैंड से सीरीज हारने पर बोले कोच गंभीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ने अंतिम टेस्ट के लिए नए खिलाड़ियों को मौका देने से भी इनकार कर दिया। गंभीर ने हर्षित राणा के डेब्यू की अटकलों को खारिज कर दिया। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर मेहमान न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ सीरीज हार के लिए केवल बल्लेबाजों को जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहते। उनका कहना है कि हर खिलाड़ी की टीम के प्रति जिम्मेदारी है। 26 अक्तूबर को पुणे में दूसरा टेस्ट 113 रनों से हारने के बाद भारत 12 साल में घरेलू मैदान पर अपनी पहली टेस्ट सीरीज हार गया। मेजबान टीम बेंगलुरु में पहला टेस्ट आठ विकेट से हार गई थी। चार में से तीन पारियों में टीम का कुल योग 46, 156 और 245 था। इस दौरान भारतीय बल्लेबाजों को स्विंग और



स्पिन दोनों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा था। गंभीर ने शुक्रवार से मुंबई में होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हर किसी की जिम्मेदारी है, मैं यह नहीं कह सकता कि सिर्फ बल्लेबाजों ने हमें निराश किया है।' उन्होंने अंतिम टेस्ट के लिए नए खिलाड़ियों को मौका देने से भी इनकार कर दिया। गंभीर ने हर्षित राणा के डेब्यू की अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'हम ऐसी स्थिति में नहीं हैं जहां उन खिलाड़ियों को मौका देने के बारे में सोच सकें जो नहीं खेले हैं। हर्षित राणा टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह सिर्फ ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी के लिए यहां आए हैं। अभिषेक (नायर) ने यह स्पष्ट कर दिया था। आईपीएल रिटेंशन के बारे में बात करने की कोई जरूरत नहीं है, हमारे पास यहां एक टेस्ट मैच है। हर कोई चयन के लिए उपलब्ध है, हम शुक्रवार को फैसला करेंगे।' गंभीर ने स्वीकार किया कि टेस्ट सीरीज में हार से टीम को दुख हुआ, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे टीम को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।


# सम्पादकीय

## लेबनान की सबक सिखाने वाली घटना, भारत को भी सावधान हो जाना चाहिए

कुछ दिनों पहले लेबनान में विस्फोटों की दो घटनाएं हुईं। ये कोई बड़े विस्फोट या हवाई हमले नहीं थे, बल्कि बहुत छोटे थे, लेकिन सैन्य तकनीक की एक नई छलांग थे। उन दो दिनों में हजारों चिह्नित पेजर और फिर वाकी-टाकी फट गए, जिससे 37 लोग मारे गए और कम से कम 3,000 घायल हो गए। कई विस्फोटों में यूजर को आंखें गंवानी पड़ीं। आम धारणा यह है कि ये विस्फोट इजरायल द्वारा आतंकी समूह हिजबुल्ला को निशाना बनाकर किए गए। सवाल यह है कि इजरायली खुफिया एजेंसी पेजर को हैक करने में कैसे कामयाब रही? उसने हंगरी में एक नकली कंपनी बनाई, जिसने ताइवान के एक पेजर निर्माता का उपयोग करके लेबनान में पेजर की आपूर्ति की। हिजबुल्ला द्वारा आर्डर किए गए इन पेजर में महज 3-5 ग्राम विस्फोटक लगाया गया था। वे कई महीनों तक सामान्य रूप से काम करते रहे, लेकिन जब इन पेजर को एक विशेष संदेश भेजा गया तो वे फट गए। इस घटना ने सारी दुनिया को चकित कर दिया, लेकिन इससे केवल चकित ही नहीं, सतर्क भी होना चाहिए-भारत को तो विशेष रूप से। यह पहली बार नहीं है कि किसी देश ने जासूसी करने के लिए हार्डवेयर को हैक किया हो। चीनी सरकार के लिए जासूसी करने के संदेह में वहां की दिग्गज कंपनी हुआवे को कई देशों ने प्रतिबंधित कर दिया है। 2020 में अमेरिकी सरकार ने देश भर में मोबाइल टावरों से 24,000 से अधिक मेड-इन-चाइना संचार उपकरणों को हटाने का आदेश दिया था, क्योंकि उसे संदेह था कि चीनी सेना अमेरिकी सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानों की गुप्त निगरानी करने के लिए ऊंचाइयों पर स्थापित इन उपकरणों का उपयोग कर सकती है। यह स्थिति भारत के लिए भी चेतावनी है। हम एक प्रमुख आर्थिक और सैन्य शक्ति है और ऐसे कई विरोधी हैं, जो हमारी सरकारी एजेंसियों, मीडिया और लोगों को नियंत्रित करने और यहां तक कि आर्थिक हेरफेर करने के लिए गहरे षड्यंत्र रच सकते हैं। इस बढ़ते खतरे से देश की रक्षा के लिए हमें क्या करना चाहिए सबसे पहले हमें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर कई हार्डवेयर परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना करनी चाहिए, विशेष रूप से उन उपकरणों के लिए, जो विदेशी एजेंसियों से आ रहे हैं। हमें प्रत्येक राज्य में उच्च तकनीकी हार्डवेयर निगरानी परीक्षण प्रयोगशालाओं का निर्माण करना चाहिए, जहां नागरिक अपने उपकरणों की जांच करा सकें। सरकार द्वारा उपयोग किए जा रहे हार्डवेयर की ऑडिटिंग को भी अनिवार्य किया जाए। ऐसी अत्याधुनिक हार्डवेयर परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए एक अच्छा स्थान राज्यों की राजधानी में कोई विश्वविद्यालय भी हो सकता है। इस विषय पर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। कितने लोग जानते हैं कि आपका फोन वास्तव में आपकी बात सुन रहा है, भले ही वह इस्तेमाल में न हो। अब तो आप अपने नए फोन की बैटरी भी नहीं निकाल सकते और इसलिए हम किसी फोन के हार्डवेयर को आफ मोड में भी आसपास की बात सुनने से नहीं रोक सकते। अक्सर कई एप्स ऐसी गुप्त सुनवाई और सर्च हिस्ट्री का उपयोग करके आपको विज्ञापन दिखाते हैं। घरों और कार्यालयों में उपयोग किए जाने वाले हार्डवेयर, जैसे सुरक्षा कैमरे उसके डाटा को ऐसे सर्वरों में स्टोर करते हैं, जो भारत में स्थित नहीं हैं। ऐसे हार्डवेयर उपकरण, जो अक्सर सस्ते होते हैं और चीन में बने होते हैं, विदेशी नागरिकों का डाटा लीक करने की आशंका बढ़ाते हैं। भारत को निर्माण परियोजनाओं में विदेशी कंपनियों की भागीदारी को सीमित करना चाहिए और निर्माण के चरण में ही एंटी-स्पाइंग की जानी चाहिए। 2018 में चीनी सरकार पर अफ्रीकी संघ मुख्यालय के अंदर जासूसी करने का आरोप लगा था, जिसमें सुनने वाले उपकरणों का उपयोग किया गया था। ये हर रात डाटा को शंघाई भेजते थे। चीनी कंपनियों ने अफ्रीकी देशों में 186 सरकारी इमारतों का निर्माण किया था और ऐसी आशंका है कि इन जासूसी उपकरणों को निर्माण के समय ही स्थापित किया गया था, जिससे यह पता लगाना और भी कठिन हो गया कि ऐसे हार्डवेयर को गुप्त रूप से कहां स्थापित किया गया है। ऐसी इमारतें मुख्य लक्षित क्षेत्र थीं, जो प्रमुख सैन्य और सरकारी स्थानों के निकट स्थित थीं। हमारी सरकार को स्वदेशी डिजिटल उपकरणों के निर्माण को भी बड़े पैमाने पर बढ़ावा देना होगा। यह केवल उन उपकरणों के पुर्जों को अन्य हिस्सों से मंगवाकर असेंबल करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि पुर्जों को खुद बनाना होगा।

# देश का मान बढ़ाने वाले रतन टाटा, भारतीय कारोबार जगत को दिया नया आकार

भारत के सबसे बड़े औद्योगिक समूह टाटा संस के पूर्व चेयरमैन और दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा ने दुनिया को अलविदा कह दिया। टाटा ग्रुप का प्रतिष्ठित चेहरा रहे रतन टाटा ने कंपनी की 150 साल से भी ज्यादा पुरानी विरासत को आगे ले जाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। अपने कार्यकाल में वह टाटा ग्रुप को वैश्विक स्तर पर प्रसिद्धि दिलाने में सफल रहे। रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा ग्रुप का कारोबार तेजी से आगे बढ़ा और देश ही नहीं दुनियाभर में टाटा का डंका बजा। अपनी विनम्रता, करुणा और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए पहचान बनाने वाले रतन टाटा ने आर्थिक सुधार और वैश्वीकरण के दौर में न सिर्फ टाटा ग्रुप का मार्गदर्शन किया, बल्कि दो दशक से अधिक समय तक भारतीय व्यापार परिदृश्य को नया आकार देने में मदद की।अपने व्यावसायिक कौशल से परे रतन टाटा को उनकी ईमानदारी, नैतिक नेतृत्व और परोपकार के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता था, जिसने उन्हें भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बना दिया।रतन टाटा अक्सर कहते थे कि हमारी दादी ने हमें हर कीमत पर गरिमा बनाए रखना सिखाया। यह एक ऐसा मूल्य है, जो आज तक मेरे साथ है। उनके इसी गुण ने उनके प्रभाव को व्यापार के पारंपरिक क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैलाया। उनकी साख केवल उद्योग जगत में ही नहीं थी। वह इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम और एक्स पर भी बेहद लोकप्रिय थे।भारत में रतन टाटा एक ऐसा नाम रहा, जिसने आम आदमी को कार मालिक बनने का सपना दिखाया। उन्होंने टाटा नैनो कार की भी संकल्पना तैयार की। कार की कीमत ऐसी रखी गई, जो औसत भारतीय उपभोक्ता की पहुंच में थी। उन्होंने देश को इसका भी अहसास कराया कि वैश्विक स्तर पर भारतीय कंपनियां नामी विदेशी कंपनियों से बराबरी कर सकती हैं।उन्होंने अपनी कंपनियों को विश्वस्तरीय बनाया। एक उद्योगपति कैसे बेहद साधारण जीवन जी सकता है, इसका भी उन्होंने उदाहरण पेश किया। उन्होंने टाटा ग्रुप को ग्लोबल बनाया, जो कभी एक देसी ग्रुप के रूप में ही अपनी पहचान रखता था।उन्होंने टाटा टी को टेटली, टाटा मोटर्स को जगुआर, लैंड रोवर तथा टाटा स्टील को कोरस का अधिग्रहण करने में मदद की, जिससे यह संगठन मुख्यतः भारत-केंद्रित समूह से वैश्विक व्यवसाय में परिवर्तित हो गया। इसी के चलते उनके 21 वर्षों के कार्यकाल में टाटा ग्रुप का राजस्व 40 गुना से अधिक तथा लाभ 50 गुना से अधिक बढ़ा।टाटा समूह ने रतन टाटा के नेतृत्व में प्रौद्योगिकी और दूरसंचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में विविधता की ओर कदम बढ़ाए, जिसने भारत के डिजिटल परिदृश्य के लिए आधार तैयार किया। रतन टाटा के दूरदर्शी नेतृत्व, नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और सामाजिक जिम्मेदारी पर ध्यान ने देश के तकनीकी परिदृश्य को नया आकार दिया।उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण ने कई पहलों को जन्म दिया, जिससे देश को डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने में मदद मिली। रतन टाटा ने प्रौद्योगिकी की क्षमता को बहुत पहले ही पहचान लिया था। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) जैसी कंपनियों ने भारत में एक मजबूत आइटी सेवा उद्योग स्थापित करने में सहायता की, जिससे देश को वैश्विक आइटी हब के रूप में पहचान मिली। उनके प्रयासों से टीसीएस साफ्टवेयर डेवलपमेंट और कंसल्टेंसी में एक प्रमुख नाम बनी, जिसने दुनिया भर में व्यवसायों के डिजिटल परिवर्तन में योगदान दिया।समय के साथ रतन टाटा ने अपना ध्यान स्टार्टअप की ओर लगाया। ओला और पेटीएम सहित विभिन्न प्रौद्योगिकी-संचालित कंपनियों में उनके निवेश ने उभरते उद्यमियों को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया। उनका समर्थन भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और एक जीवंत स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने में सहायक रहा।कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पर उनके जोर ने वंचित समुदायों में डिजिटल साक्षरता के विस्तार में मदद की। वह चाहते थे कि डिजिटलीकरण के लाभ व्यापक आबादी तक पहुंचें, जिससे डिजिटल खाई को पाटा जा सके। रतन टाटा के मार्गदर्शन में टाटा टेली सर्विसेज की शुरुआत भारत के दूरसंचार क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। इसने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने में मदद की, जिससे लोगों की उन सूचनाओं और सेवाओं तक पहुंच आसान हुई, जो डिजिटल परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण हैं।पिछले 100 वर्षों में दुनिया भर के सबसे बड़े दानदाताओं की सूची में टाटा ग्रुप के संस्थापक जमशेदजी टाटा का नाम पहले नंबर पर है। रतन टाटा भी दान के मामले में पीछे नहीं थे। टाटा समूह ने कोविड महामारी से लड़ने के लिए भारत सरकार को 1,500 करोड़ रुपये का दान किया था, जो भारतीय कारोबारी घरानों द्वारा किया गया सबसे बड़ा दान था।टाटा संस को नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाले रतन टाटा ने एक बार कहा था कि 'हम लोग इंसान हैं, कोई कंप्यूटर नहीं। इसलिए जीवन का मजा लीजिए। इसे हमेशा गंभीर मत बनाइए।' उनके ये विचार किसी भी इंसान को न सिर्फ जीवन के वास्तविक यथार्थ से परिचित कराएंगे, बल्कि जीवन को कैसे जिएं यह भी सिखाएंगे।




# एक भारत श्रेष्ठ भारत की कहानी कहता सिनेमा

कालजयी फिल्मकार सत्यजीत रे ने लोगों को एकसूत्र में बांधने की सिनेमा की शक्ति के सार को पकड़ते हुए कहा था, 'सिनेमा एक सार्वभौमिक भाषा बोलता है।' अपनी व्यापक भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता के साथ भारतीय सिनेमा देश के हर कोने के लोगों को एक साथ लाता है। चाहे वह तमिल फिल्म हो या हिंदी की अति लोकप्रिय फिल्म या फिर विशुद्ध मराठी फिल्म, सिनेमा हमारे बीच की खाई को पाटते और हमें 'सभी मतभेदों के बावजूद हम एक हैं' की याद दिलाते हुए अपनेपन की गहरी भावना को बढ़ावा देता है। भारतीय सिनेमा की सार्वभौमिकता क्षेत्रीय एवं भाषाई सीमाओं के परे जाने की इसकी क्षमता में निहित है, जो इसे राष्ट्रीय एकता की एक मजबूत शक्ति बनाती है। राज कपूर की 'श्री 420' जैसी शास्त्रीय फिल्म से लेकर मणिरत्नम की 'रोजा' तक भारतीय फिल्में भावनाओं की भाषा बोलती हैं, जिसे हर कोई समझता है। 'श्री 420' की गूंज जहां सभी भाषाओं में सुनाई दी, वहीं 'रोजा' को देशव्यापी प्रशंसा मिली। एमएस सथ्यू की 'गरम हवा' और बिमल राय की 'दो बीघा जमीन' जैसी फिल्में यह याद दिलाती हैं कि संघर्ष, प्रेम एवं जीत की कहानियां किसी सीमा से बंधी नहीं हैं और यह साबित करती हैं कि सिनेमा सही अर्थों में एक राष्ट्रीय बंधनकारी शक्ति है। यह सिनेमा की सार्वभौमिकता ही है, जिसका उत्सव राष्ट्रपति द्वारा सर्वश्रेष्ठ फिल्मों, निर्देशकों और अभिनेताओं को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किए जाने के साथ हर वर्ष मनाया जाता है। यह चकाचौंध कर देने वाला कार्यक्रम नहीं है, जो आमतौर पर ऐसे अन्य अवसरों पर आयोजित किया जाता है। यह कहानी प्रस्तुत करने वालों की प्रतिभा की गरिमापूर्ण स्वीकृति है। यह भारत की भाषाओं और बोलियों की बहुरंगी विविधता की भी गरिमामयी पुष्टि है, जो इस महान राष्ट्र की एकता का जादुई तानाबाना बुनती है और लगभग डेढ़ अरब लोगों को सूत्रबद्ध करती है, जो सैकड़ों भाषाएं एवं बोलियां बोलते हैं। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की विशिष्टता इससे स्पष्ट होती है कि सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार पाने वालों में तिवा भाषा में बनी फिल्म 'सिकैसल' (काश सिर्फ पेड़ ही बोल पाते) शामिल है। यह तिवा लोगों की भाषा है, जो तिब्बती-बर्मी जातीय समूह के सदस्य हैं और जो पूर्वोत्तर भारत के के साथ बांग्लादेश एवं म्यांमार में रहते हैं।

# एक्ट ईस्ट को साकार करता भारत, बढ़ रही देश की साख

एक्ट ईस्ट के दस वर्षों के दौरान एशिया-प्रशांत हिंद-प्रशांत में तब्दील हुआ है और इस परिवर्तन के प्रति चीन के अलावा अधिकतर देश सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। अब हिंद-प्रशांत की अवधारणा को सफल बनाने के लिए भारत को अपनी हिंद-प्रशांत सागर पहल (आईपीओआई) और अन्य देशों के हिंद-प्रशांत दृष्टिकोणों के बीच तालमेल बनाना होगा। भारत को अब यथार्थवाद और रणनीतिक सूझबूझ के सहारे आगे बढ़ना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए लाओस जा रहे हैं। वैसे तो प्रति वर्ष इन दोनों सम्मेलनों में प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति आम है, लेकिन इस साल भारत की एक्ट ईस्ट नीति यानी कि पूर्वी छोर को साधने की पहल के दस वर्ष पूरे होने के चलते यह पड़ाव विशेष मायने रखता है।वर्ष 2014 में मोदी सरकार ने 1992 से लागू लुक ईस्ट नीति को गतिशील और व्यापक बनाने के उद्देश्य से उसका नामांतरण एक्ट ईस्ट के रूप में किया। पिछले एक दशक के घटनाक्रम के आधार पर कहा जा सकता है कि यह कोई सतही बदलाव नहीं था।एक्ट ईस्ट के तहत भारत ने व्यापार, सैन्य और सांस्कृतिक कार्यक्षेत्रों में दक्षिण पूर्वी एशिया (आसियान के दस देशों), उत्तर पूर्वी एशिया (जापान, कोरिया और मंगोलिया) तथा ओशनिया (आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पैसिफिक द्वीपीय देश) के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाया है। इसी दौरान भारत ने अमेरिका के साथ अपनी सामरिक साझेदारी भी मजबूत की है, जिसका सीधा सरोकार पूर्वी एशिया के आर्थिक और भूराजनीतिक परिदृश्य से है।एक्ट ईस्ट के युग में भारत पूर्वी एशिया में गहरी पैठ बना चुका है। भारत कभी केवल दक्षिण एशियाई देश कहलाता था, लेकिन अब पूर्वी एशिया की नियति तय करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। जिस इलाके में कभी केवल चीन और अमेरिका को ही प्रमुख और निर्णायक शक्ति माना जाता था, आज वहां भारत की साख बढ़ी है और वह आगे और भी ज्यादा प्रभावी होने वाली है।ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट नामक शोध संस्थान ने 2024 के एशिया शक्ति सूचकांक में अमेरिका और चीन के बाद भारत को सबसे शक्तिशाली देश का दर्जा दिया है। यह बात पूर्वी एशिया के विभिन्न देशों से छिपी नहीं है कि उनके क्षेत्र में संतुलन कायम करने के लिए भारत अहम खिलाड़ी है। 2004 में सिंगापुर के तत्कालीन प्रधानमंत्री गोह चोक टोंग ने कहा था कि आसियान अगर हवाई जहाज का ढांचा है तो चीन उसका एक पंख है और भारत दूसरा पंख और इन दोनों पंखों के बगैर उड़ान नहीं भरी जा सकती।आज एक्ट ईस्ट के अंतर्गत भारत-आसियान द्विपक्षीय कारोबार 2014 की तुलना में दोगुना होकर 131 अरब डालर के स्तर पर पहुंच गया है। आसियान ने भारत को सामरिक साझेदार से ऊपर व्यापक सामरिक साझेदार का भी दर्जा दिया है। हालांकि पूर्वी एशियाई देशों को उम्मीद थी कि 2022 में हुए क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी यानी आरसेप समझौते में भारत भी शामिल होगा और उससे उन्हें भारत के विशाल बाजार में अधिक अवसर मिलेंगे।लेकिन, आसियान देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा और उनके यहां चीन के भारी निवेश के कारण भारत ने उस समझौते से परहेज किया। दूसरी तरफ अमेरिका ने चीन से प्रतिस्पर्धा तेज करने के मकसद से 2022 में ही इंडो पैसिफिक आर्थिक ढांचा (आईपीईएफ) बनाया था, जिसमें भारत संस्थापक सदस्य बना। आरसेप को ठुकराने की क्षतिपूर्ति आईपीईएफ द्वारा करना भारतीय विदेश नीति के लिए चुनौती है।अमेरिका के साथ भारत की बढ़ती नजदीकी पूर्वी एशिया को परस्पर आर्थिक फायदे की स्थिति में लाने के साथ-साथ क्षेत्रीय सुरक्षा में भी इजाफा करेगी। इस क्षेत्र में अमेरिका को अव्वल रक्षा सहभागी और चीन को प्राथमिक आर्थिक सहभागी माना गया है, पर चीन ने बीते दशक में विस्तारवादी व्यवहार और धमक से अपने से छोटे देशों को दहशत में डाल रखा है।आए दिन फिलीपींस, वियतनाम, इंडोनेशिया, ताइवान और जापान पर चीन क्षेत्रीय दावा करता है और सैन्य बल से उन पर हावी होने की चेष्टा करता है। ऐसे में भारत अकेले पूर्वी एशिया जैसे दूरस्थ एवं विस्तारित क्षेत्र में चीन का प्रतिरोध नहीं कर सकता। भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने क्वाड समूह को 2017 से पुनः सक्रिय किया है।क्वाड सैन्य गठबंधन नहीं है, लेकिन उसका लक्ष्य नियम और अंतरराष्ट्रीय विधि आधारित क्षेत्रीय व्यवस्था बनाना है। साफ शब्दों में क्वाड पूर्वी एशिया के चीन-केंद्रित होने के विरुद्ध खड़ा है। अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया के मध्य घोषित आकस गठबंधन और अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और फिलीपींस के मध्य स्क्वाड का भी भारत ने समर्थन किया है। इन नए समूहों के साथ मिल-जुलकर भूराजनीतिक संतुलन बनाने में भारत का ही हित है। हालांकि ऐसे गुटों के साथ सहयोग का यह मतलब नहीं है कि भारत केवल अमेरिका और उसके मित्रों पर ही पूरी तरह निर्भर रहेगा।लुक ईस्ट की तुलना में एक्ट ईस्ट नीति में भारत ने रक्षा के मुद्दे को अधिक उभारा है और हिंद-प्रशांत में नए त्रिकोणीय समीकरणों का सृजन किया है। इसी के मद्देनजर भारत-इंडोनेशिया-आस्ट्रेलिया, भारत-फ्रांस-आस्ट्रेलिया और भारत-सिंगापुर-थाइलैंड जैसे उपयोगी संयोजन कुछ वर्षों से क्रियाशील हुए हैं। इसी कड़ी में अगर भारत-जापान-दक्षिण कोरिया और भारत-वियतनाम-इंडोनेशिया के भी त्रिकोणीय गुट बन जाएं तो भारत न सिर्फ हिंद महासागर में सुरक्षा प्रदाता के रूप में रहेगा, बल्कि समूचे हिंद-प्रशांत का नेतृत्व भी कर सकेगा।



# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)

FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks

Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)



- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .

Ms. Riya Arora (Counsellor)



- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .

Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


## बर्खास्त निविदाकर्मी सईदुल्लाह के खिलाफ जेई ने दी तहरीर, 'कैश' लेते कैमरे में हुआ था कैद

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**गोरखपुर।** सूरजकुंड की रहने वाली महिला उपभोक्ता ने की थी। शिकायत में कहा गया था कि पीडी के नाम पर सईदुल्लाह ने 28 हजार रुपये लिए, लेकिन काम नहीं किया। घर में बैठकर ये रुपये सईदुल्लाह ने उपभोक्ता के परिवार से लिए थे। परिवार में ही किसी ने रुपये लेते और गिनते समय का वीडियो बना लिया और बिजली निगम के अधिकारियों के पास भेज दिया था। दुर्गाबाड़ी उपकेंद्र से बर्खास्त निविदाकर्मी सईदुल्लाह उर्फ बब्लू के खिलाफ बिजली निगम एफआइआर दर्ज कराएगा, जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई करेगी। सूरजकुंड के अवर अभियंता भारतेंदु चौबे ने तिवारीपुर थाने में सईदुल्लाह के खिलाफ तहरीर दी है। आरोप लगाया कि बिजली कनेक्शन के स्थाई विच्छेदन के नाम पर निविदाकर्मी सईदुल्लाह उर्फ बब्लू ने रूपये लिए थे सूरजकुंड की रहने वाली महिला उपभोक्ता ने की थी। शिकायत में कहा गया था कि पीडी के नाम पर सईदुल्लाह ने 28 हजार रुपये लिए, लेकिन काम नहीं किया। अधिशासी अभियंता अतुल रघुवंशी को जानकारी होने पर उनके द्वारा जांच कराई गई। मामले की पुष्टि के बाद निविदाकर्मियों की कार्यदाई संस्था वर्ल्ड क्लास सर्विसेज लिमिटेड ने सईदुल्लाह को बर्खास्त कर दिया। इस बीच सईदुल्लाह का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। इसमें वह पांच-पांच सौ रुपये की कई नोट लेते दिख रहा है। आरोप लगा कि तकिया कवलदह निवासी उपभोक्ता से कनेक्शन पीडी कराने और नया कनेक्शन दिलाने के नाम पर एक लाख 25 हजार रुपये की वसूली की गई है। मामला मुख्य अभियंता आशुतोष श्रीवास्तव के संज्ञान में आया तो उन्होंने पूरे तंत्र की पड़ताल के निर्देश दिए। इसके बाद जेई ने तिवारीपुर थाने में तहरीर दी है।



## रिटायर्ड जज का डिजिटल अरेस्ट, एसपी सीटी ने दी ये सलाह, फंसने से बचे उलझे थे घंटो झांसे में

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**गोरखपुर।** रामगढ़ताल इलाके में एक रिटायर्ड जज परिवार के साथ रहते हैं। उनके पास मंगलवार को एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को नार्कोटिक्स विभाग से बताते हुए बोला कि आपका कुरियर आया है, उसमें ड्रग्स है। यह सुनते ही रिटायर्ड जज के होश उड़ गए। इसके बाद एक अफसर ने पुलिस की वर्दी में आकर वीडियो कॉल पर ही रहने को कहा। रामगढ़ताल इलाके में रहने वाले रिटायर्ड जज को डिजिटल अरेस्ट कर वसूली की कोशिश की गई। समझदारी दिखाते हुए आधे घंटे में ही उन्होंने फोन काट दिया। उन्होंने एसपी सिटी को मामले की जानकारी दी है। इसके पहले भी शहर में इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं जानकारी के मुताबिक,



रामगढ़ताल इलाके में एक रिटायर्ड जज परिवार के साथ रहते हैं। उनके पास मंगलवार को एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को नार्कोटिक्स विभाग से बताते हुए बोला कि आपका कुरियर आया है, उसमें ड्रग्स है। यह सुनते ही रिटायर्ड जज के होश उड़ गए। इसके बाद एक अफसर ने पुलिस की वर्दी में आकर वीडियो कॉल पर ही रहने को कहा। इसी बीच उनको ठगी का एहसास हो गया। उन्होंने तत्काल दूसरे फोन से एसपी सिटी से संपर्क कर पूरी जानकारी दी। एसपी ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट के बारे में बताया, तब उन्होंने फोन काट दिए और इस तरह वह ठगी से बच गए वर्ष 2024 मई : सिविल लाइंस इलाके के एक स्कूल की प्रिंसिपल को डिजिटल अरेस्ट कर 12:56 लाख की जालसाजी हुई। वर्ष 2024, जुलाई : शाहपुर के हरिद्वारपुरम कॉलोनी निवासी ऑलविन अर्विन्द बर्नाड को 33 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट किया।


## अमेठी में इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी भीषण आग, 10 लाख से अधिक का नुकसान; वजह का पता नहीं

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**अमेठी।** अमेठी में देर रात इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में आग लग गई। फायर कर्मियों ने दो घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। आग से 10 लाख से अधिक का नुकसान हो गया यूपी के अमेठी जिले के मुसाफिरखाना इलाके में बृहस्पतिवार देर रात शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिसके बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस सूचना दी गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से दुकानदार का करीब 10 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मुसाफिरखाना कोतवाली इलाके के कस्बा इसौली रोड पर मोहम्मद इरफान का इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है। जिसमें वो पंखे, केबल और इलेक्ट्रिक सामानों का व्यवसाय करते हैं। देर शाम इरफान दुकान बंद कर घर चले गए देर रात करीब 12 बजे अचानक दुकान में आग लग गई।



# बॉलीवुड/टेली मसाला





## एलिस कौशिक का कंवर ढिल्लों की दुल्हन बनने का सपना चकनाचूर सलमान खान ने दिवाली स्पेशल पर फोडे क़ई बम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 18' का अगला वीकएंड का वार काफी दिलचस्प होने जा रहा है। इसमें सलमान एलिस कौशिक समेत इस हैं। जहां एक को अपनी गेम के बारे में जानकारी मिलने वाली है। तो वहीं, एक को निजी जिंदगी का सच जानकर झटका लगने वाला है। कौन हैं ये दोनों? आइए जान मिश्रा से बड़ी बहस भी हो गई। सलमान ने रजत की गेम पर कुछ नेटिजन्स की टिप्पणियां दिखाईं, जहां उन्हें चाहत के 'बॉडीगार्ड' के रूप में टैग किया गया है।' बाद में, सलमान







प्रतियोगी को सच से रूबरू कराते नजर आएंगे। 'बिग बॉस' के हर सीजन में सलमान खान दिवाली स्पेशल एपिसोड की मेजबानी करते नजर आते हैं और प्रतियोगियों को कुछ कड़वे सच से रूबरू कराते हैं। ऐसा ही सीजन 18 में भी होने वाला है। सलमान शो के दो प्रतियोगियों को आईना दिखाने वाले लेते हैं- सबसे पहले, सलमान ने रजत दलाल को बताया कि चाहत पांडे के प्रति उनके बदलते व्यवहार के लिए उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। अनजान लोगों के लिए, रजत की चाहत के साथ तीखी बहस हुई। लेकिन इस हफ्ते रजत उनके प्रति प्रोटेक्टिव नजर आए और चाहत का बचाव करते हुए उनकी अविनाश एलिस कौशिक से बात करते हैं और उन्हें उनके रिश्ते के बारे में दिए गए बयान को याद दिलाते हैं। सलमान का कहना है कि हालांकि उन्होंने करण वीर मेहरा को बताया था कि उनके बॉयफ्रेंड कंवर ढिल्लों ने उन्हें शादी के लिए प्रपोज किया था, लेकिन उन्होंने मीडिया इंटरव्यू में इससे इनकार कर दिया है।

## बॉक्स ऑफिस पर नहीं सुधर रही जिगरा-विक्की विद्या की हालत, जानें अब तक का कलेक्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ऐसे में आज दिवाली के मौके पर रिलीज हुई फिल्म 'भूल भुलैया 3' और अजय देवगन की सिंघम अगेन बारिश की फुहार साबित हो सकती है और बॉक्स ऑफिस के रंगनी मौसम को फिर से ला सकती है। आइए जानते हैं फिल्म ने गुरुवार को कितनी कमाई स्थिति में है। आलिया भट्ट की रिलीज 'जिगरा' सिनेमाघरों में काफी संघर्ष करती नजर आ रही है। फिल्म काफी विवादों में भी रही। कई मौकों पर फिल्म को विवादों से फायदा हो जाता है, लेकिन इस फिल्म को शुरू से ही दर्शकों का प्यार नहीं मिला है। वही, यह फिल्म आलिया के करियर की बड़ी फ्लॉप विद्या का वो वाला वीडियो की कहानी को आलोचकों और प्रशंसकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही थी। फिल्म अपने बजट तक की कमाई करने में सफल रही है। बात करें कलेक्शन की तो राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो की भी हालत





की है।दिवाली के दिन भी बॉक्स ऑफिस पर कोई चमत्कार देखने को नहीं मिला है। आलिया भट्ट की 'जिगरा' और राजकुमार राव की फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' भी दर्शकों को सिनेमाघरों की तरफ लाने में असफल साबित रही है। ऐसे में आज दिवाली के मौके पर रिलीज हुई फिल्म 'भूल भुलैया 3' और अजय देवगन की सिंघम अगेन बारिश की फुहार साबित हो सकती है और बॉक्स ऑफिस के रंगनी मौसम को फिर से ला सकती है। आइए जानते हैं फिल्म ने गुरुवार को कितनी कमाई की है। आलिया भट्ट की ' जिगरा ' बॉक्स ऑफिस पर दुर्भाग्यपूर्ण भी साबित हो गई है। तो आइए एक नजर डालते हैं फिल्म की कमाई पर। जिगरा' को रिलीज हुए तीन हफ्ते पूरे होने वाले हैं और यह 30 करोड़ का आंकड़ा बहुत ही संघर्ष के बाद पार कर पाई है। 21वें दिन की बात की जाए तो फिल्म ने अभी तक कुल 17 लाख की कमाई की है, इसी के साथ इसकी अब तक की कुल कमाई 31.92 करोड़ रुपये हो गई है। दशहरा पर रिलीज हुई फिल्म राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की कॉमेडी फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' भी बॉक्स ऑफिस पर खस्ता साबित हुई है। पहली फिल्म में ज्यादा स्टार पावर के मुकाबले दूसरी फिल्म विक्की खस्ता चल रही है। फिल्म ने 21वें दिन केवल 31 लाख रुपये की कमाई की है. इस तरह फिल्म ने अब तक 41.86 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा' सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर दमदार कमाई भी की थी, साथ ही समीक्षकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया भी मिली, लेकिन अब दर्शकों के सिर से 'देवरा' का क्रेज पूरी तरह से उतर चुका है। फिल्म में अब तक कुल 344.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

## बंपर ओपनिंग की तैयारी में भूल भुलैया 3

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भूल भुलैया 3 को भारत में लगभग 3,000 स्क्रीन पर रिलीज किया गया है, जो कि एक शानदार संख्या है। कार्तिक आर्यन अभिनीत यह फिल्म पहले दिन अच्छी कमाई करने की उम्मीद कर रही है।फिल्म 'भूल भुलैया 3' रिलीज आज रिलीज हो गई है। आज यानी 1 नवंबर 2024 को दिवाली के मौके देशभर में 9901 शो के लिए 55 लाख से अधिक टिकट बेचे, जिससे लगभग 17.12 करोड़ रुपये (बिना ब्लॉक की गई सीटों के) और 19.22 करोड़ रुपये (ब्लॉक की गई सीटों के साथ) की कमाई हुई । यह इस साल किसी हिंदी फिल्म के लिए सबसे ज्यादा प्री-सेल नंबरों में से एक है। भारत में लगभग 3,000 स्क्रीन पर रिलीज हुई भूल भुलैया



पर यह फिल्म सिनेमाघरों में लग गई है। इसकी एडवांस बुकिंग बीते रविवार से शुरू हो चुकी थी। एडवांस टिकट बुकिंग में यह फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। हालांकि, अब देखना है कि दिवाली के इस महाक्लैश के बाद भी क्या फिल्म पहले दिन बंपर ओपनिंग कर पाएगी तो आइए एक नजर डालते हैं फिल्म की एडवांस बुकिंग पर। कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 आज 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। सिंघम अगेन से टकराव के बावजूद फिल्म ने एडवांस बुकिंग में शानदार कारोबार किया और अब यह पहले दिन की मजबूत कमाई की उम्मीद कर रही है। सैकनिल्क के अनुसार अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित इस हॉरर-कॉमेडी ने 3 को आज स्पॉट बुकिंग से काफी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि यह दिवाली के बाद की छुट्टी है और दर्शकों को सिनेमाघरों में आकर्षित करने का सबसे अच्छा दिन है। भूल भुलैया 3 की ओपनिंग 30-35 करोड़ रुपये की हो सकती है, जो सिंघम अगेन जैसी बड़ी फिल्म के साथ क्लैश करने वाली फिल्म के लिए बहुत बड़ी संख्या है। अगर सुबह के शो को अच्छी समीक्षा मिलती है, तो फिल्म दिन के अंत तक टिकट खिड़की पर और भी अधिक कमाई करेगी। फिल्म के बजट की बात करें तो फिल्म 150 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट में बनी है। ऐसे में फिल्म अगर 15-16 करोड़ की ओपनिंग करती है तो यह फिल्म के लिए ठीक शुरुआत मानी जाएगी।

## शूटिंग के आखिरी चरण पर पहुंची धनुष-रश्मिका की 'कुबेर', इस दृश्य के साथ शुरू होगा फिल्म का अगला शेड्यूल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** धनुष की 'कुबेर' का ज्यादातर हिस्सा शूट हो चुका है। अब गानों की शूटिंग बाकी है। ऐसे में निर्माताओं ने अब अगले शूटिंग में हैं। वहीं अब फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है, जो इसकी शूटिंग को लेकर है। हाल ही में आई रिपोर्ट्स से पुष्टि हुई है कि फिल्म का टॉकी हिस्सा पूरा हो




शेड्यूल की योजना बनाई है। साउथ सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों 'कुबेर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित 'कुबेर' धनुष और सुपरस्टार नागार्जुन के बीच पहला सहयोग है। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य नायिका की भूमिका चुका है, अब केवल दो गाने ही फिल्माए जाने बाकी हैं। फिल्म की शूटिंग दिसंबर में फिर से शुरू होने वाली है। इसके साथ ही बताया गया है कि निर्माताओं का लक्ष्य 2025 की पहली तिमाही में फिल्म को रिलीज करना है। दूसरी ओर धनुष के प्रशंसक तब निराश हुए, जब दिवाली की शुभकामनाओं वाला कोई पोस्टर जारी नहीं किया गया, जिससे फिल्म के प्रचार की योजनाओं पर सवाल उठने लगे। हालांकि, चर्चा है कि टीम जल्द ही एक सुव्यवस्थित प्रचार अभियान शुरू करेगी। इस पहले खबर आई थी कि दिवाली पर फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया जा सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिल्म में धनुष के किरदार की बात करें तो कुबेर में धनुष एक ऐसे किरदार को निभा रहे हैं, जो एक बेघर व्यक्ति के रूप में शुरू होता है, लेकिन अंततः एक शक्तिशाली माफिया सरगना बन जाता है। रश्मिका और धनुष के साथ फिल्म में अक्किनेनी नागार्जुन, संदीप किशन, जिम सर्भ और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा सकते हैं। सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव द्वारा निर्मित 'कुबेर' में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है। प्रोडक्शन डिजाइनर रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे तकनीकी दल का हिस्सा हैं। इस फिल्म के जरिए निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष पहली बार साथ काम कर रहे हैं। 'कुबेर' शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुभाषी फिल्म है।

## दिवाली की रात मां काली के दर्शन करने पहुंचीं रानी मुखर्जी, बच्चों को बांटी मिठाइयां

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में रानी मुखर्जी को मां काली में फूल लगे हुए थे।बी-टाउन में दिवाली का जश्न जोरों पर है। कई सेलिब्रिटीज अपने परिवार और



की मूर्ति के पीछे मंच पर चलते हुए देखा जा सकता है। रानी ने इस अवसर के लिए पर्पल कलर का शरारा चुना। उन्होंने अपने बालों को बन में बांधा हुआ था और साइड दोस्तों के साथ दिवाली मनाते हुए देखे गए। जान्हवी कपूर ने अपने परिवार और बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ दिवाली मनाई। वरुण धवन अपनी पत्नी नताशा दलाल के साथ अपने पिता डेविड धवन के ऑफिस गए। इस मौके पर रानी मुखर्जी ने मां काली के सामने माथा टेका और दिवाली पर देवी का आशीर्वाद लिया। अभिनेत्री ने कार्यक्रम में बच्चों को मिठाइयां भी बांटी। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में रानी मुखर्जी को मां काली की मूर्ति के पीछे मंच पर चलते हुए देखा जा सकता है। रानी ने इस अवसर के लिए पर्पल कलर का शरारा चुना। उन्होंने अपने बालों को बन में बांधा हुआ था और साइड में फूल लगे हुए थे। कहने की जरूरत नहीं है कि अभिनेत्री अपने लुक में बेहद खूबसूरत लग रहीं हैं। इंस्टाग्राम पर एक और वीडियो में रानी मुखर्जी को लोगों को मिठाई बांटते हुए देखा जा सकता है।

## दिल-लुमिनाती टूर के बीच दिलजीत ने किचन में मनाई अपनी दिवाली, फैंस को दी कढ़ाई पनीर की रेसिपी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिलजीत दोसांझ सामग्रियों का इस्तेमाल करेंगे। इसके बाद सिंगर ने कमान



ने भी ज़्यादातर सेलेब्रिटीज की तरह दिवाली मनाई। लेकिन उन्होंने अपने प्रशंसकों को अपने मजेदार अंदाज में दिवाली की बधाई दी और सबसे मजेदार आवाज में कढ़ाई पनीर पकाया।अपने दिल-लुमिनाती के तहत दुनिया भर में भ्रमण करने के बाद, दिलजीत दोसांझ आखिरकार भारत आ गए हैं। उन्होंने नई दिल्ली में दो दिन तक परफॉर्म करके दिल-लुमिनाती इंडिया टूर ईयर 24 की शुरुआत की। तब से, सोशल मीडिया पर उनके कॉन्सर्ट वीडियो की बाढ़ आ गई है। जैसे ही वह जयपुर में परफॉर्म करने के लिए तैयार होते हैं, उन्होंने दिवाली के अवसर पर अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देते हुए एक मजेदार वीडियो जारी किया। क्लिप का मुख्य आकर्षण था कड़ाही पनीर पकाना और अपने पेटेंट स्टाइल में इसका मजेदार वॉयस ओवर देना। दिलजीत दोसांझ ने अपने इंस्टाग्राम पर जो वीडियो पोस्ट किया है, उसमें गायक को अपनी टीम के साथ फुलझड़ियां जलाते और दीयों से अपने घर को रोशन करते देखा जा सकता है। इसके बाद वह अपने प्रशंसकों को अपनी रसोई में ले गए और उन्हें दिखाया कि वह कढ़ाई पनीर बनाने के लिए किन संभाली और अपने बेहतरीन खाना पकाने के हुनर का प्रदर्शन किया। हालांकि, इन सब के बीच दिलजीत के वॉयस ओवर ने दर्शकों को जरूर हंसाया और कमेंट सेक्शन में लोग सिंगर के इस अंदाज के मुरीद भी हो गए । अपने वर्ल्ड टूर की शुरुआत करने से पहले, स्टार इम्तियाज अली की बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म अमर सिंह चमकीला में परिणीति चोपड़ा के साथ नजर आए थे। बायोपिक में पंजाबी लोक गायक की भूमिका निभाने में दिलजीत ने बेहतरीन काम किया है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि फिल्म निर्माता इस बात को लेकर निश्चित नहीं थे कि ब्लॉकबस्टर फिल्म में दोसांझ मुख्य भूमिका निभाएंगे बता दें कि इससे पहले इम्तियाज अली ने इंस्टाग्राम पर दिल्ली कॉन्सर्ट से फैंस की पोस्ट को साझा किया है। इस दौरान उन्होंने अमर सिंह चमकीला के ओरिजिनल गाने पहले ललकारे को गाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को इम्तियाज अली ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया है। उन्होंने लिखा आपने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है।

## कमल हासन के भाई और अभिनेता चारुहासन अस्पताल में भर्ती, बेटी सुहासिनी ने साझा किया हेल्थ अपडेट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कमल हासन के बड़े आधी रात को हम गिर गए। हमारी दीपावली आपातकालीन




भाई और अभिनेता-निर्देशक चारुहासन को दिवाली से पहले गिरने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चेन्नई के एक निजी अस्पताल में उनकी सर्जरी होगी। कमल हासन के बड़े भाई और सुहासिनी मणिरत्नम के पिता व अभिनेता-निर्देशक चारुहासन को दिवाली से पहले गिरने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुहासिनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी दिवाली अस्पताल की इमरजेंसी में बिताई। वीडियो में वह चारुहासन से बात करते हुए उन्हें सर्जरी से पहले अपनी पत्नी के लिए एक संदेश साझा करने के लिए कहती हुई दिखाई दे रही थीं। सुहासिनी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर इसकी जानकारी दी। फोटो और वीडियो साझा करते हुए सुहासिनी ने कैप्शन में लिखा, 'दीपावली से पहले स्थिति में थी, लेकिन हम सभी सर्जरी के लिए तैयार हैं।' गिरने के बाद चारुहासन की अस्पताल में अब सर्जरी भी होगी। वीडियो में सुहासिनी ने अपने पिता से पूछा कि वह अपनी पत्नी से क्या कहना चाहते हैं। उन्होंने प्यार से अपनी बेटी का हाथ पकड़ा और कहा, 'मैं ठीक हूं। मैं वापस आकर तुमसे मिलूंगा। मैं सर्जरी के लिए तैयार हूं। मैं ठीक हो जाऊंगा।' इससे पहले अगस्त में चारुहासन को उम्र संबंधी बीमारी के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दिग्गज अभिनेता और निर्देशक 93 साल के हैं। अभिनेता के करियर की बात करें तो चारुहासन को आखिरी बार अभिनेता मोहन की वापसी वाली फिल्म 'हरा' में देखा गया था, जो इस साल की शुरुआत में रिलीज हुई थी। विजय श्री द्वारा निर्देशित यह फिल्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।